शुक्रवार, 5 जून 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 35 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 04:51 | सूर्यास्त: 18:18 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : आत्मीय बनें, दयालु बनें। प्रेम करें।



इंडिगो ने छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कीं पृष्ठ 8

# ताजपुर नहीं, ददनपात्रबार में बनेगा गहरा समुद्री बंदरगाह

## बंदरगाह परियोजना को लेकर केंद्र-बंगाल के बीच बनी सहमति

### केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल के साथ उच्चस्तरीय बैठक के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने की घोषणा

### केंद्र की सागरमाला परियोजना-2 से जुड़ेगा बंगाल



**कोलकाता :** बंगाल में नई भाजपा सरकार बनने के बाद आखिरकार राज्य में लंबे समय से प्रस्तावित एक नया गहरा समुद्री बंदरगाह (डीप सी पोर्ट) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से पूर्व मेदिनीपुर जिले के ताजपुर की जगह ददनपात्रबार क्षेत्र में अत्याधुनिक गहरे समुद्री बंदरगाह का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार को केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की उपस्थिति में राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के बीच यहां राज्य सचिवालय नवान्न में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इसपर सहमति बनी। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। बैठक में पोर्ट व शिपिंग क्षेत्र में विकास व संभावनाओं और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोर्ट के निर्माण के लिए रेल और राजमार्ग से कनेक्टिविटी जरूरी है। ताजपुर में पोर्ट का निर्माण संभव नहीं है, क्योंकि वहां खड़ा सरकार की कोई जमीन भी नहीं है। इसीलिए फैसला लिया गया है कि ताजपुर से 10 किलोमीटर दूर ददनपात्रबार में नए पोर्ट का निर्माण किया जाएगा जहां राज्य सरकार की 1,700 एकड़ जमीन उपलब्ध है। जरूरत पड़ने पर और भी जमीन का वहां अधिग्रहण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही केंद्र की सागरमाला परियोजना-2 से बंगाल के जुड़ने की घोषणा की। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार ने केंद्र की अन्य परियोजनाओं की तरह सागरमाला परियोजना-1 से नहीं जुड़कर इसके लाभ से राज्य को वंचित किया।

मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही केंद्र के सहयोग से कोलकाता में 'वाटर मेट्रो' सेवा शुरू करने की भी घोषणा की, जिससे नदी मार्गों के जरिए यातायात को सुगम बनाने और शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा हावड़ा के साकराइल से दक्षिण कोलकाता के गार्डनरीच के बीच नदी के उपर से रोप-वे सेवा शुरू करने की भी घोषणा की। इसके अलावा शुभेंदु ने कहा कि राज्य सरकार ने अब शिपिंग व पोर्ट का एक अलग मंत्रालय बनाने का भी निर्णय लिया है। फिलहाल यह परिवहन विभाग के ही अधीन है। परिवहन विभाग से इसे अलग किया जाएगा।

### कोलकाता में चलेगी पहली 'वाटर मेट्रो', केंद्र की 'सागरमाला' योजना से जुड़ा पश्चिम बंगाल

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को राज्य के जलमार्ग परिवहन में एक बड़ी 'परिवहन क्रांति' का ऐलान किया। कोलकाता अब देश का 18वां ऐसा शहर बनने जा रहा है, जहां अत्याधुनिक 'वाटर मेट्रो' सेवा शुरू होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'सागरमाला' परियोजना से जोड़ने की भी बड़ी घोषणा की है। देश में सबसे पहले केरल के कोच्चि में वाटर मेट्रो की शुरुआत हुई थी। इसके बाद, गुवाहाटी, श्रीनगर, वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, पटना, तेजपुर और डिब्रूगढ़ जैसे शहरों के बाद अब इस फेहरिस्त में कोलकाता का नाम भी जुड़ गया है। परिवहन क्रांति के साथ-साथ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स विकास को लेकर भी एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल अब आधिकारिक तौर पर केंद्र सरकार की 'सागरमाला' परियोजना का हिस्सा बन गया है। इस योजना के तहत पश्चिम बंगाल में शिपिंग, लॉजिस्टिक्स, आयात-निर्यात (इंपोर्ट-एक्सपोर्ट) और बंदरगाहों के विकास के लिए 22,700 करोड़ रुपये की विशाल परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इससे राज्य में व्यापार के नए रास्ते खुलेंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

## केंद्रीय मंत्री सोनोवाल एवं मुख्यमंत्री शुभेंदु के बीच 19,209 करोड़ रुपये की निवेश योजना पर चर्चा

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की और राज्य को वर्ष 2031 तक पूर्वी भारत का प्रमुख समुद्री, लॉजिस्टिक और जहाज विनिर्माण केंद्र बनाने के उद्देश्य से 19,209 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश पर चर्चा की। करीब डेढ़ घंटे चली यह बैठक मई में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद केंद्र के पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच पहली औपचारिक बातचीत थी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रस्तावित परियोजनाओं से 62,500 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। साथ ही राज्य में बंदरगाह, अंतर्देशीय जलमार्ग, जहाज विनिर्माण, लॉजिस्टिक और पोर्ट-आधारित औद्योगिकीकरण को मजबूती मिलेगी। 'मैरीटाइम अमृत काल विजन 2047' के तहत तैयार इस निवेश योजना में बालागढ़ में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक केंद्र का विकास, कोलकाता और हल्दिया बंदरगाहों का विस्तार और उनका आधुनिकीकरण, अंतर्देशीय जलमार्गों को मजबूत करना, जहाज विनिर्माण और मरम्मत के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण, क्रूज पर्यटन के लिए ढांचे का विकास, नदी किनारों का पुनर्विकास तथा बंदरगाहों से जुड़े औद्योगिक क्षेत्रों का विकास शामिल है। सोनोवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत के समुद्री भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और लगभग 19,209 करोड़ रुपये के निवेश के जरिए कोलकाता और हल्दिया को पूर्वी भारत का प्रमुख समुद्री प्रवेश द्वार बनाया जाएगा।



कोलकाता में भीषण गर्मी : दोपहर की चिलचिलाती धूप में पानी से चेहरा धोकर राहत पाने की कोशिश करता व्यक्ति। फोटो : कुणाल मल्लिक

## योग्यता के आधार पर मिले सरकारी नौकरी : उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि सरकारी नौकरी निर्धारित योग्यता के अनुसार पात्र उम्मीदवारों को ही मिलनी चाहिए। अदालत ने स्पष्ट किया कि कम शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पद पर अधिक योग्य व्यक्ति की नियुक्ति वास्तव में पात्र उम्मीदवार के अधिकारों का हनन है।न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यह टिप्पणी मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करते हुए की, जिसमें एक अस्थायी बैंक परिचारक की सेवा बहाल करने का निर्देश दिया गया था। संबंधित कर्मचारी ने स्नातक होने की जानकारी छिपाकर उस पद पर नियुक्ति प्राप्त की थी, जो केवल 10वीं तक शिक्षित उम्मीदवारों के लिए निर्धारित था।पीठ ने कहा कि सरकारी नौकरियां निर्धारित योग्यताओं के अनुसार सभी पात्र उम्मीदवारों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। अदालत के अनुसार, जब कोई पद विशेष रूप से कम शैक्षणिक योग्यता वाले लोगों के लिए आरक्षित हो, तब अधिक योग्य व्यक्ति को उस पद पर नियुक्त करना वास्तव में योग्य उम्मीदवार को अवसर से वंचित करना है।शीर्ष अदालत ने कहा कि शैक्षणिक योग्यता की ऊपरी सीमा निर्धारित करने का उद्देश्य तर्कसंगत और न्यायसंगत है। इसका मकसद उन लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है, जो विभिन्न परिस्थितियों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके।बैंक द्वारा कर्मचारी को बर्खास्त करने के निर्णय को सही ठहराते हुए अदालत ने कहा कि सरकार को कुछ पदों को विशेष वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित करने का पूरा अधिकार है, ताकि उन्हें अधिक योग्य उम्मीदवारों से असमान प्रतिस्पर्धा का सामना न करना पड़े।

### कुवैत हमले में मारे गए भारतीय का शव आज स्वेदश लाया जाएगा

**नयी दिल्ली :** कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को हुए हमले में मारे गए एक भारतीय नागरिक का शव पांच जून को स्वदेश लाए जाने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कुवैत स्थित भारतीय दूतावास मृतक के परिवार के नियमित संपर्क में है। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर विभिन्न मंत्रालयों को जानकारी देने के लिए आयोजित बैठक में कहा कि इस हमले में 13 भारतीय नागरिक घायल हुए हैं और वर्तमान में कुवैत के विभिन्न अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। महाजन ने संवाददाताओं से कहा, ''कल कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में दुर्भाग्यवश एक भारतीय नागरिक की जान चली गई। हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।''

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## मोदी और रोड्रिगेज के बीच वार्ता में भारत, वेनेजुएला ने दीर्घकालिक ऊर्जा साझेदारी का संकल्प लिया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों, फार्मास्यूटिकल, कृषि और ऑटोमोबाइल सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में दोनों देशों ने अपनी जरूरतों पर आधारित दीर्घकालिक ऊर्जा साझेदारी स्थापित करने का संकल्प भी लिया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत की ओर से अप्रैल से वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद में तेजी आई है। यही नहीं, वेनेजुएला भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बनकर भी उभरा है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि बैठक में रोड्रिगेज का स्पष्ट संदेश था कि उनका देश भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार और इस तथ्य के मद्देनजर भारत को पसंदीदा ऊर्जा भागीदार के रूप में देखता है कि वह आने वाले कई वर्षों तक ऊर्जा बाजार में एक स्थिर खरीदार बना रहेगा। टंडन ने बताया कि जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ऊर्जा संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है और इसमें 'अपस्ट्रीम' (खोज और उत्पादन) और 'डाउनस्ट्रीम' (शोधन और वितरण) दोनों गतिविधियां शामिल होंगी। उन्होंने कहा, वार्ता में मुख्य रूप से ऊर्जा साझेदारी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वे (वेनेजुएला) भारत को आने वाले कई वर्षों तक एक स्थिर और भरोसेमंद खरीदार के रूप में देखते हैं।

### मध्यस्थ की भूमिका के लिए पाकिस्तान भरोसेमंद नहीं : इजराइली राजदूत

**नयी दिल्ली :** भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने क्षेत्रीय मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की संभावित भूमिका पर संदेह व्यक्त किया है। उन्होंने भारत को आगाह करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष कट्टरपंथी ताकतों की उन रणनीतियों की ''झलक'' है, जिनका असर निकट भविष्य में उसके पड़ोस पर भी पड़ सकता है। राजदूत ने 'पीटीआई-वीडियो' के साथ एक साक्षात्कार में इस धारणा को खारिज कर दिया कि पाकिस्तान क्षेत्रीय वार्ताओं में मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए विश्वसनीय है। पाकिस्तान को गैर भरोसेमंद बताते हुए, अजार ने कहा कि इसकी किसी भी भूमिका या भागीदारी के मामले में अमेरिका को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, ताकि वह किसी संभावित जाल या भ्रामक स्थिति में न फंस जाए। पाकिस्तान की मध्यस्थता भूमिका पर सवाल उठाते हुए अजार ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि वे भरोसेमंद हैं।'' उन्होंने कहा कि जब कोई मध्यस्थ ''किसी आतंकवादी संगठन के प्रति झुकाव रखता है'' या ''कट्टरपंथ को वैधता प्रदान करता है'', तो स्थिति बेहद जटिल हो जाती है।

### भारत सिंधु जल संधि का उल्लंघन कर चिनाब नदी का पानी ब्यास की ओर मोड़ रहा : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारत द्वारा चिनाब नदी का पानी मोड़ने के लिए नदी-जोड़ो परियोजना बनाना सिंधु जल संधि और अन्य अंतरराष्ट्रीय कानूनों का ''गंभीर उल्लंघन'' होगा। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी यह टिप्पणी मीडिया में आई उन खबरों को लेकर पूछे गए सवाल पर की, जिनमें कहा गया था कि भारत सिंधु नदी घाटी का हिस्सा रहीं चिनाब नदी के पानी को ब्यास नदी तक सुरंग के माध्यम से पहुंचाने की योजना बना रहा है।

# भारत भरोसेमंद साझेदार, रूस के साथ संबंधों में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं पश्चिमी देश: पुतिन

## भारत की आर्थिक वृद्धि और स्वतंत्र विदेश नीति की सराहना

### मोदी के नेतृत्व में विकास को बताया उल्लेखनीय उपलब्धि

### द्विपक्षीय व्यापार के 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का जताया भरोसा



**सेंट पीटर्सबर्ग :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नयी दिल्ली के साथ मॉस्को की रणनीतिक साझेदारी की बृहस्पतिवार को सराहना की और जोर देकर कहा कि भारत को रूस के साथ अपने सहयोग को कम करने के लिए मजबूर करने के पश्चिमी देशों के प्रयास व्यर्थ और वैश्विक स्थिरता के लिए हानिकारक हैं। पुतिन ने पीटीआई सहित प्रमुख वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बातचीत में भारत की आर्थिक वृद्धि और उसकी स्वतंत्र विदेश नीति की सराहना की। उन्होंने कहा कि रूस नयी दिल्ली के साथ अपने आर्थिक संबंधों का विस्तार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पुतिन ने कहा, ''भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और वर्तमान में आर्थिक विकास की प्रभावशाली दर प्रदर्शित कर रहा है।'' उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार आने वाले वर्षों में 100 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। पुतिन ने 'पीटीआई' के सीईओ और प्रधान संपादक विजय जोशी के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जिसने सबसे अधिक आर्थिक विकास दर दर्ज की है। यह कोई अचानक हुई उपलब्धि नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा किए गए अथक परिश्रम का परिणाम है।'' रूसी राष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि नयी दिल्ली अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देना जारी रखेगी, और कहा कि अमेरिका के साथ भारत की राजनयिक भागीदारी रूस के साथ उसके सदियों पुराने संबंधों में बाधा नहीं डालती या उन्हें कमजोर नहीं करती है। पुतिन से जब पूछा गया कि क्या अमेरिका के साथ भारत का गहरा जुड़ाव रूस के लिए असहज स्थिति पैदा करता है, तो उन्होंने कहा, ''हमें खुशी है कि भारत उन सभी देशों के साथ अपने संबंध विकसित कर रहा है जिन्हें वह अपने राष्ट्रीय हितों के लिए महत्वपूर्ण मानता है।'' रूसी राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा कि मॉस्को के साथ सहयोग के मामले में पश्चिमी देशों द्वारा दबाव डालने के प्रयास किये गए हैं। उन्होंने कहा, ''सभी यह समझ चुके हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत पर दबाव डालना अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए हानिकारक है।'' पुतिन ने कहा कि रूस भारत को एक ''विश्वसनीय साझेदार'' मानता है और उसे किसी भी अन्य देश के साथ नयी दिल्ली के द्विपक्षीय संबंधों से कोई नकारात्मक परिणाम नजर नहीं आता।



## आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही हो तय

दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मरे लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक ला-परवाही की जवाबदेही तय होगी? एक बार फिर अंधे लालच और आंख मूंदे तंत्र की लापरवाही से बुधवार को एक होटल में लगी भीषण आग में 21 लोगों की मौत हो गई। अभी भी कई लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जतायी जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्टहाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं।

दिल्ली के होटल में हुए अग्निकांड के बारे में बताते हैं कि आपातकालीन निकासी के अभाव व सुरक्षा मानकों का पालन न होने से ज्यादा मौतें हुई। धुंआ निकलने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी ज्यादा लोग दम घुटने से मौत के मुंह में समा गए। आखिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह क्यों नहीं देखा कि स्वीकृत क्षमता से चार गुना विस्तार कर लिया गया है। गेस्ट हाउस के निर्माण में तमाम लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग अपनी जान बचाने के लिये, बदहवासी में ऊपरी मंजिलों से कूदते नजर आए। होटल के बाहर फैले बिजली के तार और अग्निकांड में हुई व्यापक क्षति बताती है कि विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन ठीक से नहीं हुआ। जाहिर बात है कि गेस्ट हाउस से होटल बनाने से, उपयोग में हुए बदलाव की निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है। यदि वर्षों से यह अवैध रूप से संचालित था, तो जांच व कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यदि इसकी अग्नि सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की भी गई थी तो उसके बाद निरीक्षण व नियमों का अनुपालन क्यों सुनिश्चित नहीं किया गया? जाहिर बात है कि लाइसेंस प्राप्त करने वाले होटलों व रेस्टोरेंट की नियमित जांच करके इनके मालिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। क्यों किसी भी विभाग ने निरीक्षण व कार्रवाई की जहमत नहीं उठायी? क्या निरीक्षण करने वाले अधिकारी ले-देकर खामोश होकर बैठ गए? विडंबना देखिए कि बेसमेंट में कमरे,किचन बना दिए गए, लेकिन वेंटिलेशन व इमरजेंसी एग्जिट का कोई प्रावधान नहीं था। जिससे होटल धुंआ निकासी की चिमनी बनकर रह गया और तमाम लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। बताते हैं कि आरोपी होटल मालिक आसपास में ही कुछ पार्टनरों के साथ मिलकर तीन होटल संचालित कर रहा था और सब ही जगह आपराधिक लापरवाही नजर आई। मोटे मुनाफे के लिये लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा था। लेकिन स्थानीय प्रशासन व जवाबदेह विभाग बेपरवाह बने रहे। निश्चय ही यह स्थिति सख्त कार्रवाई के बाद बदलनी चाहिए।

# ग्रेट निकोबार: भारत की समुद्री रणनीति का प्रमुख केंद्र



एडमिरल डी. के. जोशी

कौटिल्य की यह सीख सदियों पहले ही शासन और रणनीति की मूल सोच का हिस्सा बन चुकी थी, और आज के समय में यह पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक होकर सामने आई है। आज देशों की परीक्षा केवल उनकी अर्थव्यवस्था के आकार या सैन्य ताकत से नहीं हो रही, बल्कि इस बात से हो रही है कि वे भूगोल को कितनी अच्छी तरह समझते हैं, भविष्य का कितना सही अनुमान लगाते हैं और अवसर के खतरे में बदलने से पहले कितनी तेजी से निर्णय लेते हैं। ग्रेट निकोबार भारत के लिए ऐसी ही एक बड़ी परीक्षा है।

यह भारतीय मानचित्र के दक्षिणी-पूर्वी छोर पर स्थित एक दूरस्थ द्वीप जैसा प्रतीत होता है। ऐसी जगह जिसे दशकों से लगभग अछूता छोड़ दिया गया है और जिसे वैसे ही रहने देना चाहिए। परंतु ग्रेट निकोबार भारत की अग्रिम समुद्री चौकी है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के समीप स्थित यह द्वीप दुनिया की ओर भारत की सबसे अहम सामरिक अवसर में से एक है।

अत: ग्रेट निकोबार के प्रस्तावित विकास को केवल एक अवसंरचना परियोजना के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह केवल एक बंदरगाह, हवाई अड्डा, टाउनशिप या बिजली संयंत्र बनाने का प्रश्न नहीं है। यह वास्तव में इस बात की सामरिक परीक्षा है कि क्या भारत अपनी इस दुर्लभ भौगोलिक बढ़त को राष्ट्रीय शक्ति में बदलने के लिए तैयार है।

सदियों से हिंद महासागर ने भारत की नियति को आकार दिया है। इसी समुद्री क्षेत्र ने हमारे व्यापार, हमारे विचारों और हमारे सभ्यतागत प्रभाव को विश्व भर में पहुंचाया, परन्तु कई बार यही हमारी कमजोरियों का कारण भी बना। तथापि, स्वतंत्रता के पश्चात् लंबे समय तक भारत की सामरिक सोच मुख्य रूप से स्थल-आधारित रही।

यह निर्विवाद है कि ग्रेट निकोबार अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक स्थान है। यह अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के सबसे बड़े द्वीपों में से एक है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 910 वर्ग किलोमीटर है। प्रस्तावित परियोजना का कुल क्षेत्रफल 166.10 वर्ग किलोमीटर है, जो सम्पूर्ण द्वीपसमूह के कुल क्षेत्रफल का केवल लगभग 2 प्रतिशत है। इसमें से 130.75 वर्ग किलोमीटर वन भूमि को परियोजना के लिए उपयोग में लाने का प्रस्ताव है, जो द्वीप समूह के कुल वन क्षेत्र का लगभग 1.82 प्रतिशत है।

यह दक्षिण-पूर्व एशिया के निकट स्थित है तथा मलक्का स्ट्रेट, 60 चैनल, सुंडा स्ट्रेट और लोम्बोक स्ट्रेट जैसे प्रमुख वैश्विक समुद्री मार्गों के समीप आता है। वास्तविक सामरिक दृष्टि से देखें तो यह भारत की पूर्वी समुद्री चौकी है।

इसका महत्व तब और स्पष्ट हो जाता है जब इसे केवल भूभाग के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि महासागरीय रणनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य से देखा जाए। कल्पना कीजिए उन जहाजों की, जो अदन की खाड़ी से मलक्का स्ट्रेट की ओर बढ़ रहे हैं, ऊर्जा से भरे माल-वाहक जहाज, जो पश्चिम एशिया और अफ्रीका से पूर्वी एशिया की ओर जा रहे हैं, एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने वाला कंटेनर यातायात तथा नौसैनिक संसाधन, निगरानी मंच और लॉजिस्टिक श्रृंखलाएँ, जो इन जलमार्गों से होकर गुजर रही हैं।

हिंद महासागर अब शांत समुद्र नहीं रहा। यह तेजी से एक भीड़भाड़ वाले सामरिक क्षेत्र में बदल रहा है। ऊर्जा आपूर्ति, कंटेनर यातायात, नौसैनिक तैनाती, द्वीपीय सुविधाएं, समुद्र के नीचे बिछी केबलें और समुद्री निगरानी अब एक बड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन चुकी हैं। यह शायद मुख्य भूमि पर बैठे कई लोगों को दिखाई न दे, परन्तु देशों के भविष्य के लिए यह बेहद निर्णायक है।

हाल की एक महत्वपूर्ण प्रगति यह है कि अंडमान सागर को थाईलैंड की खाड़ी से जोड़ने वाली दशकों पुरानी कैनल परियोजना को स्थगित कर दिया गया है। इसके स्थान पर अब लगभग 90 किलोमीटर लंबे मल्टी-मोडल लैंड ब्रिज की योजना अंतिम स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। यह परियोजना टेंथ पैरेलल के साथ दो नव-डिज़ाइन किए गए गहरे समुद्री बंदरगाहों को जोड़ेगी - एक अंडमान सागर के किनारे रणोंग में और दूसरा थाईलैंड की खाड़ी के किनारे चुम्फोन में। इसके साथ दोहरी ट्रैक्स वाली उच्च गति रेल, बहु-लेन सड़क, तेल एवं गैस के लिए ऊर्जा पाइपलाइनें तथा वायु एवं डिजिटल ग्रिड भी प्रस्तावित हैं। ये सभी कारक मिलकर इंडो-पैसिफिक व्यापार मार्गों को पूरी तरह पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और आर्थिक शक्ति का केंद्र सीधे अंडमान बेसिन की ओर स्थानांतरित कर रहे हैं।

मलक्का स्ट्रेट विश्व के सबसे महत्वपूर्ण सामुद्रिक चोकपॉइंट्स में से एक है। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ता है और अत्यंत मूल्यवान ऊर्जा संसाधनों (तेल और एलएनजी) तथा वैश्विक व्यापार का प्रमुख मार्ग है। ग्रेट निकोबार की गलाथिया खाड़ी 60 चैनल से लगभग 45 किलोमीटर दूर है, जो मलक्का स्ट्रेट को अफ्रीका, मध्य पूर्व और यूरोप की ओर जाने वाले समुद्री मार्गों से जोड़ती है। अनुमान है कि हर साल लगभग एक लाख जहाज मलक्का स्ट्रेट 60 चैनल मार्ग से गुजरते हैं।

> **जो राज्य अपनी सीमाओं, साझेदारियों और व्यापार मार्गों की सुरक्षा नहीं करता, वह अपने भविष्य को भी सुरक्षित नहीं रख सकता।**
>
> **- कौटिल्य**

मलक्का, सुंडा और लोम्बोक जैसे सामरिक चोकपॉइंट्स के निकट स्थित होने के कारण यह द्वीप भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण सामरिक बढ़त प्रदान करता है। कोई भी गंभीर सामुद्रिक शक्ति ऐसे भौगोलिक तथ्यों की उपेक्षा करने का जोखिम नहीं उठा सकती।

हिंद महासागर क्षेत्र (खजठ) में अनेक शक्तिशाली देश बंदरगाहों, लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं, समुद्री पहुँच सुविधाओं, नौसैनिक संसाधनों, निगरानी प्रणालियों और आर्थिक गलियारों के माध्यम से निरंतर अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहे हैं।

भारत का उत्तर संकोचपूर्ण नहीं हो सकता। उसका उत्तर सामरिक सुदृढ़ीकरण होना चाहिए। संप्रभुता केवल मानचित्र पर सीमाएँ खींच देने से सुदृढ़ नहीं होती। वह तब सशक्त होती है जब कोई भूभाग जुड़ा हुआ, आबाद, सुविधायुक्त, उत्पादक और सामरिक रूप से उपयोगी बनता है। अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, टाउनशिप और विद्युत संयंत्र अलग-अलग परियोजनाएँ नहीं हैं। ये सभी मिलकर उस पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) का निर्माण करते हैं, जिसकी सहायता से भारत एक निर्णायक सामुद्रिक स्थान पर विश्वसनीय, सतत और बहुआयामी उपस्थिति बनाए रख सकता है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने समुचित जांच-पड़ताल और आपत्तियों के निस्तारण के बाद यह स्वीकार किया कि यह परियोजना केवल द्वीप और उसके आसपास के सामरिक क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए ही नहीं, बल्कि रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सिंगापुर केवल इसलिए एक महान सामुद्रिक केंद्र नहीं बना क्योंकि उसका भौगोलिक स्थान अनुकूल था। उसने उस स्थान के आस-पास आवश्यक क्षमताओं का निर्माण किया। भौगोलिक स्थिति ने उसे अवसर दिया, और उसके अवसंरचनात्मक विकास ने उस अवसर को प्रभाव में परिवर्तित किया। हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया एक और महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह दर्शाता है कि कोई दूरस्थ द्वीप भी, यदि उसे लॉजिस्टिक और परिचालन अवसंरचना से सुसज्जित किया जाए, तो असाधारण सामरिक महत्व प्राप्त कर सकता है। सामुद्रिक शक्ति केवल भूगोल से नहीं बनती; वह भूगोल का उपयोग करने की आवश्यक क्षमता विकसित करने से निर्मित होती है।

ग्रेट निकोबार भारत को यह सब एक संतुलित और विशिष्ट भारतीय दृष्टिकोण के साथ करने का अवसर प्रदान करता है। यह व्यापार को बढ़ावा दे सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है, विदेशी ट्रांसशिपमेंट केंद्रों पर निर्भरता कम कर सकता है, साथ ही भारत की सामुद्रिक पहुँच को विस्तारित कर सकता है तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक प्रवेश द्वार और व्यापक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए एक सामरिक मंच के रूप में कार्य कर सकता है। ग्रेट निकोबार में एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट भारत के उस सामग्री पर निर्भरता को कम कर सकता है जिसे वर्तमान में विदेशी बंदरगाहों के माध्यम से ट्रांसशिप किया जाता है। इससे सप्लाई चेन सुदृढ होगी, निवेश आकर्षित होगा, रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और भारत को अपने सामग्री की आवाजाही पर अधिक नियंत्रण और निश्चितता प्राप्त होगी।

निस्संदेह, ग्रेट निकोबार पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। इस स्तर की किसी भी परियोजना को पारिस्थितिक सावधानी, कानूनी अनुपालन, वैज्ञानिक निगरानी और वास्तविक शमन उपायों के साथ लागू किया जाना चाहिए। विकास ला-परवाह नहीं हो सकता। लेकिन पर्यावरणीय संवेदनशीलता को सामरिक चिंतन पर स्थायी वीटो का आधार भी नहीं बनाया जा सकता। वास्तविक चुनौती पर्यावरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच चयन करने की नहीं है। वास्तविक चुनौती यह है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ाया जाए।

वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या भारत इस सामरिक द्वीप का उत्तरदायित्व पूर्वक विकास करना चाहता है, अथवा फिर ऐसे समय में जब पूरा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पुनर्गठित हो रहा है, वह इस द्वीप को अविकसित और अपर्याप्त रूप से जुड़ा हुआ छोड़ देगा।

भारत एक कॉन्टिनेंटल और सामुद्रिक - दोनों प्रकार की शक्ति है। लंबे समय तक स्थलीय सोच ने सामुद्रिक दृष्टिकोण पर हावी रहा है। अत: ग्रेट निकोबार परियोजना कोई विलासिता नहीं, बल्कि सामरिक दूरदृष्टि का प्रतीक है। किसी राष्ट्र की नियति केवल उन खतरों से निर्धारित नहीं होती जिनका वह सामना करता है, बल्कि उन अवसरों से भी तय होती है जिन्हें वह समय रहते पहचान लेता है। ग्रेट निकोबार ऐसा ही एक अवसर है। इसकी उपेक्षा करना भूगोल की उस सामरिक शक्ति को अनुपयोगी छोड़ देना होगा, जिसे बाद में अन्य शक्तियाँ अपने अनुसार आकार दे सकती हैं। वहीं, इसका विवेकपूर्ण विकास भूगोल को राष्ट्रीय शक्ति में परिवर्तित कर सकता है।

भारत को सामरिक दृष्टि से सोचने के लिए किसी से क्षमा मांगने की आवश्यकता नहीं है। उसे केवल उत्तरदायित्व पूर्वक, निर्णायक रूप से और स्पष्ट राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। इंडो-पैसिफिक की इस शताब्दी में, ग्रेट निकोबार भारत का अंतिम छोर नहीं है, यह भविष्य के प्रवेश द्वार पर स्थित भारत का वॉचटावर है।

(लेखक वर्तमान में अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल तथा द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष हैं। वे भारतीय नौसेना के पूर्व नौसेना प्रमुख (उहळशष`ष ींहश छर्रीरश्र डींरषष) रह चुके हैं और वर्ष 2009-10 के दौरान अंडमान तथा निकोबार कमान (-छ ऊेारपव) के कमांडर-इन-चीफ भी रहे हैं।)

# देश की राजनीति का मानक हैं योगी आदित्यनाथ

## 5 जून योगी आदित्यनाथ जन्मदिवस पर विशेष



मनोज कुमार अग्रवाल

कल्पना किजिए नौ साल पहले के उत्तर प्रदेश की जहां माफिया थाने में पहुंच कर पुलिस वालों को बंधक बनाने का दुस्साहस कर रहे थे एक ओर भ्रष्टाचार अपहरण हत्या फिरौती सरकारी ठेकों पर बपौती का धंधा चरम पर था वहीं एक नेता आइएएस से जूते साफ कराने की मंशा खुलेआम माइक पर बोल रहे थे हर तरफ अराजकता सेकुलरिज्म के नाम पर एक खास समुदाय के लोगों को खुश करने के लिए खुला संरक्षण बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं दिमागी बुखार से हर साल मरते सैकड़ों बच्चे दूसरी ओर सरकारी धन पर जंगल सफारी और सैफई महोत्सव में मुंबईया हीरोइनों के नृत्य घटता निवेश और डूबते उध्योग माफियाओं की धमकियों से असुरक्षित उध्यमी। 2017 में उत्तर प्रदेश के भाग्य में बदलाव आया और योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। यहां से उत्तर प्रदेश में बदलाव और विकास का नया वातावरण तैयार हुआ है।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में योगी आदित्यनाथ एक ऐसे तेजस्वी और तपस्वी नेता हैं, जिन्होंने साधु-सन्यासी की मर्यादा और कुशल प्रशासक के गुणों को एक साथ साधा है। जिनका जीवन सनातन मूल्यों, राष्ट्रीय चेतना और लोकसेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है। भगवा जिनके लिए गौरव ही नहीं बल्कि अस्तित्व है।

एक ओर वे गोरखनाथ मठ के पीठाधीश्वर हैं, जहां वे धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं का पालन करते हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में वे कानून, व्यवस्था और विकास का आधुनिक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। शासन में उनकी छवि एक कठोर लेकिन न्यायप्रिय प्रशासक की है, जो जनहित को सर्वोपरि रखता है। गरीब-दलित-पिछड़ों की आवाज, हर फरियादी के लिए दिन-रात उपलब्ध योगी जी असल में एक जननायक हैं।उनके संपत्ति में मात्र चार जोड़ी गेरूआ सूती कपड़े है। पैर में भी सिर्फ साधारण कपड़े के जूते पहनते हैं

योगी आदित्यनाथ का दिन 4 बजे ब्रह्ममुहूर्त में उठकर साधना और प्रार्थना से शुरू होता है। उनका मानना है कि आत्मानुशासन ही सच्चे नेतृत्व की पहली सीढ़ी है। उनका जीवन संयमित, सादा और पूर्णतः सात्विक है न कोई दिखावा, न कोई विलासिता। गोरखनाथ मंदिर में गौसेवा हो या मंदिर परिसर की सादगी, हर पहलू उनके सेवा और साधना भाव का परिचायक है।

भारत की राजनीति में एक कर्मठ योगी, हार्ड लीडरशिप, यूनिवर्सल ट्रांसपोर्टर, अप-ारजन समर्थक प्राप्तकर्ता हैं योगी आदित्यनाथ। जनता से सीधे-सीधे उन्हें लोकप्रिय नेता बना दिया। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को कानून, व्यवस्था, बुनियादी ढांचे की प्रगति, रैपिड डिवेलपमेंट मॉडल में अग्रणी प्रदेश बनाया गया। इससे उत्तर प्रदेश का भविष्य ही बदल गया।



योगी आदित्यनाथ का मूल नाम अजय सिंह विष्ट है। उनका जन्म उत्तराखंड के पौडी गढ़वाल जिले के एक सामान्य से परिवार में 05 जून 1972 को हुआ था। आदित्यनाथ बचपन से ही पढ़ाई में प्रखर और समाज के लिए कार्य करने के लिए आगे रहते थे ।

हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में बी.एससी. छात्र राजनीति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें तर्कशीलता, निर्णय लेने की क्षमता और विश्लेषण क्षमता प्रदान की।

शिक्षा प्राप्ति के बाद उनके अध्यात्म की ओर रुचि हुई। उन्हे महंत अवैध्यनाथ का सानिध्य प्राप्त हुआ । यहीं से उनके संन्यासी जीवन की शुरुआत हुई। बाद में 1994 में गोरखनाथ मठ के महंत धार्मिक कार्यकर्ताओं का नेतृत्व, सामाजिक सेवा और जनसम्पर्क उनके जीवन का हिस्सा बन गये।

योगी आदित्यनाथ 26 वर्ष की आयु में गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद बने। उनके स्पष्ट विचार एवं सशक्त जनाधार एवं सीधे संवाद ने उन्हें लोकप्रिय बनाया। गोरखपुर से पांचवी बार सांसद बने और राजनीति का प्रमुख चेहरा बने।

सन 2017 में भारतीय जनता पार्टी से वे उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री बने। उनका नेतृत्व प्रदेश में होने के कारण कठोर अनुशासन, न्याय पूर्ण शासन शैली पर लक्ष्य लगा।

उनके शासन में अपराध और अपराध पर नियंत्रण किया गया। माफियाओं पर अवैध कब्जे हुए। प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बुंदेल खंड एक्सप्रेस-वे गंगा एक्सप्रेस-वे हिंडन जेवर हवाई अड्डे मेट्रो परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया गया है। इन परियोजनाओं के कारण प्रदेश का विकास गतिवान हो रहा है रोजगार मे उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। प्रदेश में वैश्विक निवेशक शामिल, प्रदेश में भारी निवेश बढ़ा । शहरी विकास और काशी विश्वनाथ मंदिर अयोध्या, मथुरा और बनारस का पुन निर्माण अयोध्या दीप उत्सव की विश्व में पहचान खेती और किसानों को पर्याप्त संरक्षण सिचाई फसल बीमा

बिजली व्यवस्था मे सुधार कुशल नेतृत्व अद्भुत निर्णय क्षमता ज़ीरो टालरेंस नीति अनुशासित कठोर शासक आध्यात्मिक होने के साथ-साथ व्यावहारिक मानसिकता और कार्यशैली देश विदेश में लोकप्रिय हो रही है।

यूपी मॉडल भारत की राजनीति में नामांकन रहता है। अन्य राज्यों की जनता भी यूपी मॉडल की मांग करती है।आज योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी बतौर माना जा रहा है। ऐसे वीतराग संयासी के हाथों में यूपी जैसे राज्य ने अपराध और माफिया के खिलाफ एक बड़ी जंग जीत कर कानून व्यवस्था का राज कखयम किया है। ऐसे विरल व्यक्तित्व निसंदेह भारत के स्वर्णिम भविष्य के रचियता बनेंगे इसमे कोई संदेह नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 जून, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ कृष्णपक्ष पंचमी, 25:18 तक, नक्षत्र : श्रावण, 29:54 तक, योग : ब्रह्मा, 09:31 तक, सूर्योदय: 04:51, सूर्यास्त: 18:18, चन्द्रोदय : 22:55, चन्द्रास्त: 09:24, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 10:32 से 12:12

## राशिफल

**मेष :** आज आपकी जेब से पैसे जरूर निकलेंगे, लेकिन दिल में चिंता नहीं होगी, क्योंकि कमाई भी अच्छी बनी रहेगी। घर में आपकी राय को लोग गंभीरता से सुनेंगे और सराहेंगे भी।

**वृष :** आज का दिन थोड़ा जिम्मेदारियों वाला रहेगा। कोई सरकारी काम अगर अटका हुआ है, तो उस पर खास ध्यान देने की जरूरत है। परिवार में शादी-ब्याह जैसी खुशखबरी का माहौल बन सकता है।

**मिथुन :** आज खर्चे कुछ ज्यादा हो सकते हैं, इसलिए जेब और जरूरत दोनों का संतुलन बनाकर चलना बेहतर रहेगा। किसी पुराने फैसले को लेकर मन में हल्का पछतावा भी हो सकता है।

**कर्क :** आज आपको हर काम प्लानिंग के साथ करना होगा। मेहनत का रास्ता थोड़ा कठिन जरूर रहेगा, लेकिन धीरे-धीरे बाधाएं हटती दिखाई देंगी। भविष्य में बड़ा फायदा दे सकते हैं।

**सिंह :** आज नई प्रॉपर्टी या किसी बड़े सामान की खरीदारी का योग बन रहा है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें, खासकर किसी और का वाहन मांगकर चलाने से बचें।

**कन्या :** आज नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर मिल सकती है। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। सजावट का काम भी शुरू हो सकता है।

**तुला :** आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। जीवनसाथी से कोई बात छुपाने की कोशिश रिश्तों में दूरी ला सकती है, इसलिए खुलकर बात करें। थोड़ी संवेदनशीलता बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** आज काम का दबाव काफी ज्यादा रह सकता है, लेकिन आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। नए लोगों से मुलाकात होगी, मगर निजी बातें साझा करने से बचें।

**धनु :** आज धैर्य और मीठी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। किसी काम को टालना बाद में परेशानी बढ़ा सकता है। संतान से किया वादा निभाने का समय आ सकता है।

**मकर :** आज का दिन सामान्य लेकिन राहत भरा रहेगा। नौकरी से जुड़ी परेशानियां धीरे-धीरे खत्म होंगी। जीवनसाथी बिजनेस और काम में पूरा साथ देंगे। मेहनत पर भरोसा रखेंगे तो परिणाम अच्छे मिलेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए खास साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में लोगों के साथ तालमेल शानदार रहेगा और काम करने में मजा आएगा। बिजनेस की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**मीन :** आज मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है। ऑफिस में बॉस के साथ बहस होने की संभावना है, इसलिए शांत रहकर काम करें। परिवार के बड़े सदस्यों का सहयोग आपको मजबूती देगा।

## वर्ग पहेली नं. 3460

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | | | ■ | | ■ | |
| 7 | | 8 | | ■ | 9 | | | ■ | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ | |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 18 | | 19 | | ■ | 20 | | | 21 |
| 22 | | ■ | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 24 | | | | ■ | 25 | | |

*बायें से दायें:-* 1) पछतावा, 3) मजमेबाज़; तमाशाई, 6) तख़्ता, 7) झरने के प्रवाह की कोमल और मधुर ध्वनि, 9) बुद्धपुत्र, 10) पेड़ के सूखे पत्ते, 12) पैर का खटका, 14) एक दिन, 16) पानी का सोता, 17) साँप का ज़हर, 18) नज़र बचाकर निकल जाना, 20) झाड़, 22) मृत्यु; सीमा, 23) बरस, 24) पूर्वनिर्धारित, 25) कोशिश.

*ऊपर से नीचे:-* 1) ज़्यादा, 2) कामयाबी, 3) झगड़ा, 4) छिलका; चेहरे की बनावट, 5) हत्याकांड, 8) बेईमानी, 11) सुंदर स्त्री, 12) पचास प्रतिशत, 13) शरारत, 14) एक चिड़िया, 15) बंदर, 19) राष्ट्र का, 21) फीका, 22) गोलाकार पिंड जिसमें से पक्षी का जन्म होता है, 23) भोला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | ■ | नि | क | ट | ■ | पो | ■ | अ | रे |
| हा | ■ | रा | ■ | ह | म | ला | व | र | ■ |
| व | ह | म | ■ | ल | ज्जा | ■ | ■ | मा | रे |
| सा | ■ | य | मु | ना | ■ | आ | न | न | ■ |
| न | या | ■ | न्ना | ■ | वा | प | सी | ■ | स |
| ■ | द | मा | ■ | बं | द | ■ | ह | त्या | रा |
| उ | गा | ह | ना | ■ | वि | ग | त | ■ | य |
| द | र | ■ | प | रे | वा | ■ | ■ | न | ■ |
| र | ■ | च | ना | ■ | द | क्रि | या | नू | स |

**Mob. No. 09822568532**

## सुडोकू-पहेली-3418

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 9 | 6 | | | 3 |
| | | | | | | | 4 | |
| | | | 3 | | | | | 1 |
| | | | | 8 | 7 | | | |
| 4 | | | | | | 9 | 3 | |
| | 7 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 1 | 2 | | | 7 | | |
| | 6 | | | 4 | | | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3417 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 9 | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 |

# निजी ट्यूशन करने पर होगी सख्त कार्रवाई, सरकारी शिक्षकों को शिक्षा विभाग की चेतावनी

## जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेजा गया निर्देश, शिकायत सही पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई के आदेश

**कोलकाता :** सरकारी और सरकार सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निजी ट्यूशन या गृहशिक्षण किए जाने पर पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने लंबे समय से लागू नियमों की पुनः याद दिलाते हुए राज्य के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी किया है कि ऐसे मामलों में शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

विकास भवन से जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि सरकारी



अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक किसी भी प्रकार से निजी ट्यूशन गतिविधियों से जुड़े नहीं रह सकते। शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद यदि कोई शिक्षक इस नियम का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, हाल ही में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार को एक नोटिस भेजकर इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। नोटिस में आरोप लगाया गया कि कुछ शिक्षक नियमों की अनदेखी करते हुए निजी ट्यूशन चला रहे हैं और इससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

शिकायतों में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ शिक्षक अपने ही विद्यालय के विद्यार्थियों पर ट्यूश पढ़ने का दबाव बनाते हैं। यहां तक कि ट्यूशन न लेने वाले छात्रों को कम अंक देने या परीक्षा परिणाम प्रभावित करने की धमकी दिए जाने की बात भी सामने आई है। इससे न केवल विद्यार्थियों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाले निजी शिक्षकों और गृहशिक्षकों की आजीविका पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

चार जून को जारी इस आदेश में शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर सभी शिकायतों की गंभीरता से जांच करने को कहा है। यदि किसी शिक्षक के विरुद्ध आरोप प्रमाणित होते हैं, तो प्रचलित नियमों के अनुसार कठोर अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा विभाग का मानना है कि इस कदम से शिक्षा का अधिकार अधिनियम के उद्देश्यों की रक्षा होगी तथा विद्यालयों में पारदर्शी और निष्पक्ष शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### आधुनिकीकरण के लिए जादवपुर-बाघाजतिन से हॉकरों को हटाया गया

# भाजपा विधायक शर्बरी मुखर्जी ने तृणमूल से मांगा 15 साल की 'कट मनी' का हिसाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर और बाघाजतिन रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया शुरू होते ही कोलकाता में हॉकर्स को हटाए जाने का मुद्दा बेहद गरमा गया है। इस पूरे मामले को लेकर अब भाजपा की स्थानीय विधायक शर्बरी मुखर्जी ने सीधे तौर पर तृणमूल कांग्रेस और सीपीएम पर तीखा हमला बोला है। विधायक ने जहां सीपीएम पर इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर राजनीति और 'नाटक' करने का आरोप लगाया, वहीं टीएमसी से पिछले 15 सालों के दौरान हॉकर्स से ली गई 'कटमनी' और वसूली का पूरा हिसाब मांग लिया है। स्थानीय बीजेपी विधायक शर्बरी मुखर्जी ने साफ शब्दों में कहा कि जादवपुर और बाघाजतिन स्टेशनों को वर्ल्ड



क्लास और अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। आम जनता की सुविधा के लिए यहां चकाचक फुटओवर ब्रिज तैयार किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि जो लोग पिछले कई सालों से टीएमसी के नेताओं को पैसा (तोला) देकर अवैध रूप से यहाँ बैठे हैं, उन्हें अब इस तरह रहने नहीं दिया जाएगा। फैसला हमेशा आम जनता के हित को ध्यान में रखकर होगा।

शर्बरी मुखर्जी ने यह भी स्पष्ट किया कि पुनर्वास या रोजगार के मामले में पहली प्राथमिकता जादवपुर के 10 वार्डों के स्थानीय लोगों को ही मिलनी चाहिए। लक्ष्मीकांतपुर या कैनिंग जैसे दूर-दराज के इलाकों से आकर अचानक यहां कब्जा जमा लेने वालों को प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। उन्होंने उन हॉकर्स को लिखित शिकायत दर्ज कराने का निर्देश दिया है, जो पिछले 15 सालों से टीएमसी नेताओं को हॉकरी करने के बदले पैसे दे रहे थे। साथ ही, विधायक ने यह भी बताया कि वे खुद डीआरएम से मिली थीं और उन्होंने आग्रह किया था कि हॉकर्स को हटाने की इस प्रक्रिया में लोगों की रोजी-रोटी का भी संवेदनशीलता के साथ ध्यान रखा जाए।

### जुपिटर इंटरनेशनल ने जयनगर के पास नया हेल्थ क्लिनिक 'स्नेह स्पर्श' लॉन्च किया

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी जुपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड ने गांव और दूर-दराज के इलाकों में आम आदमी के घर तक एडवांस्ड मेडिकल सर्विस पहुंचाने के लिए एक अनोखी पहल की है। अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोग्राम के तहत, आरसी मेफेयर और आरसीसी सुचेतना के साथ मिलकर जयनगर के पास दक्षिण बारासात में 1,890 वर्ग फ़ीट का मॉडर्न कम्युनिटी हेल्थ क्लिनिक - 'स्नेह स्पर्श - ए हीलिंग टच' शुरू किया है। इस इनिशिएटिव के बारे में बताते हुए जुपिटर इंटरनेशनल के चेयरमैन और एमडी, आलोक गरोडिया ने कहा कि, हमारा मानना है कि तरक्की तभी है, जब वह लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी को बेहतर बनाए। 'स्नेह स्पर्श' पहल के ज़रिए, हमारा मकसद लोगों को अच्छी हेल्थकेयर सेवा प्रदान करना है।

## भाजपा सांसद ज्योतिर्मय महतो के खिलाफ लगे पोस्टर, जान से मारने की धमकी

**पुरुलिया :** पुरुलिया जिले में भाजपा सांसद एवं प्रदेश भाजपा के महासचिव ज्योतिर्मय सिंह महतो को निशाना बनाते हुए धमकी भरे पोस्टर लगाए जाने का मामला सामने आया है। पोस्टर में सांसद की हत्या करने वाले को एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की गई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को यह पोस्टर पुरुलिया के कोटशिला थाना क्षेत्र से बरामद हुआ है। सफेद कागज पर नीली स्याही से लिखे गए पोस्टर में आरोप लगाया गया है कि सरकार की ओर से घर तोड़े जा रहे हैं और इसके लिए सांसद को जिम्मेदार ठहराया गया है। साथ ही, उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई है। पोस्टर में स्थानीय बोली का प्रयोग किया गया है। इसमें कहा गया है कि यदि घर तोड़ने की कार्रवाई जारी रही तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। पोस्टर



के अंत में सांसद की हत्या करने वाले को एक लाख रुपये देने की घोषणा की गई है। घटना के बाद देर शाम सांसद ने पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने आशंका जताई है कि इसके पीछे उग्रवादी या माओवादी तत्वों का हाथ हो सकता है। हालांकि, पुलिस ने अभी किसी संगठन या व्यक्ति की संलिप्तता की पुष्टि नहीं की है। सांसद ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## ममता बनर्जी की भूमिका को लेकर टीएमसी के बागी खेमे में मतभेद के संकेत

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस विधायक दल पर 58 बागी विधायकों के नियंत्रण के एक दिन बाद, रिताब्रता बनर्जी के नेतृत्व वाले खेमे में मतभेद के संकेत उभरने लगे हैं। कई विधायकों ने कहा कि ममता बनर्जी को ही पार्टी का सर्वोच्च नेता बनाए रखना चाहिए, और आगाह किया कि यदि उनकी भूमिका केवल सलाहकार तक सीमित कर दी गई, तो वे गुट में अपनी स्थिति पर पुनर्विचार कर सकते हैं। नवनियुक्त विपक्ष के नेता रिताब्रता बनर्जी की अगुवाई में बागी विधायक दल की बैठक के बाद ये अलग-अलग राय सामने आईं। बागी विधायक गुलशन मलिक ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमें बताया गया था कि पार्टी ममता बनर्जी के नेतृत्व में ही आगे बढ़ेगी। वह केवल सलाहकार




नहीं हैं। हम चाहते हैं कि पार्टी उनके नेतृत्व में ही काम करे। पांचला से विधायक मलिक ने कहा कि अगर ममता बनर्जी को सर्वोच्च नेता के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है, तो हमें सोचना होगा कि हमें इस खेमे में रहना चाहिए या नहीं। बागी विधायक संगीता रॉय बसुनिया ने भी यही राय जताई। सिताई से विधायक बसुनिया ने कहा कि ममता बनर्जी हमारी सर्वोच्च नेता हैं और आगे भी रहेंगी। उन्हें केवल सलाहकार नहीं बनाया जा सकता। वह हमारी नेता हैं।

हालांकि, गुरुवार को सामने आए बयानों से संकेत मिलता है कि बागी खेमे का एक वर्ग ममता बनर्जी की भूमिका या अधिकार को कमतर दिखाने वाली किसी भी व्यवस्था से असहज है। बृहस्पतिवार को हुई बैठक में बागी विधायकों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों, पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ लंबित मामलों तथा अपने जिलों को प्रभावित करने वाली प्रशासनिक समस्याओं पर भी चर्चा की। गुलशन मलिक ने बताया कि इन मुद्दों को राज्य सरकार और वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष उठाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है।

### 'भाजपा विरोधी वोट से जीते, अब जनता से कर रहे विश्वासघात', महुआ मोइत्रा ने बागी विधायकों को दी चुनौती

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के भीतर मची बड़ी राजनीतिक हलचल के बीच सांसद महुआ मोइत्रा ने बागी विधायकों पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को इन विधायकों पर मतदाताओं के साथ विश्वासघात करने और भाजपा के साथ हाथ मिलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन सभी विधायकों ने अपनी जीत केवल ममता बनर्जी के नाम और उनके नेतृत्व की वजह से हासिल की है। मोइत्रा के अनुसार, इन विधायकों को जो वोट मिले, वे पूरी तरह से भाजपा विरोधी थे। उन्होंने बताया कि तृणमूल ने ममता बनर्जी के चेहरे और पार्टी के चुनाव चिह्न पर 41 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। सांसद ने बागी विधायकों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि वे खुद को आजाद नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि अगर उनमें हिम्मत है, तो वे अपनी सीटों से इस्तीफा दें और नए सिरे से चुनाव लड़ें। उन्होंने मजाक उड़ाते हुए कहा कि बागियों को अब 'बिजेमूल' नाम के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ना चाहिए। मोइत्रा ने कहा कि ये लोग भाजपा विरोधी वोटों से जीते थे, लेकिन अब भाजपा का ही साथ दे रहे हैं। मोइत्रा ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आयोग को भाजपा का मोहरा बताया। उन्होंने चुनाव के दौरान केंद्रीय बलों के व्यवहार और मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जाने की भी कड़ी आलोचना की। पार्टी में मचे इस घमासान को मोइत्रा ने शुद्धिकरण का एक अच्छा अवसर बताया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने शून्य से शुरुआत की थी और भाजपा के खिलाफ लड़ाई में डर की कोई जगह नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए दरवाजे पूरी तरह खुले हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि यह पार्टी ममता बनर्जी के नेतृत्व में ही चलेगी।

## चंदनपुर-शक्तीगढ़ चौथी रेल लाइन परियोजना को मिली रफ्तार, ट्रेन विलंब में आएगी कमी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल अंतर्गत हावड़ा-वर्दवान कॉर्ड लाइन पर स्थित चंदनपुर-सक्तीगढ़ रेलखंड की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रस्तावित चौथी रेल लाइन परियोजना को महत्वपूर्ण गति मिली है। रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 20ए के तहत भूमि अधिग्रहण संबंधी राजपत्र अधिसूचना जारी होने के साथ परियोजना ने एक अहम चरण में प्रवेश कर लिया है। वर्तमान में यह रेलखंड अपनी निर्धारित क्षमता के 113 प्रतिशत उपयोग के साथ संचालित हो रहा है। इस मार्ग पर प्रतिदिन 83 यात्री ट्रेनें और 32 मालगाड़ियां चलती हैं, जिससे कई मालगाड़ियों को औसतन एक घंटे तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। इसका प्रभाव पूरे क्षेत्रीय रेल नेटवर्क के संचालन पर पड़ता है और ट्रेनों की समयबद्धता प्रभावित होती है। रेल मंत्रालय ने 6 मार्च 2025 को राष्ट्रीय 'मिशन 3000 एमटी' माल परिवहन लक्ष्य के तहत इस परियोजना को मंजूरी दी थी। लगभग 42.66 किमी लंबी इस परियोजना की अनुमानित लागत 851.74 करोड़ रुपये है। परियोजना के लिए हुगली और पूर्व वर्दवान जिलों में करीब 4.38 हेक्टेयर निजी भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

परियोजना के तहत पोराबाजार, बेलमुरी, धनियाखाली, सिबाईचंडी, हाजीगढ़, गुराप, जौग्राम, मसाग्राम, चांचाई और पल्ला रोड सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ा जाएगा। साथ ही 95 छोटे पुलों, 8 बड़े पुलों और आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली के विकास पर भी कार्य किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, चौथी लाइन के चालू होने के बाद इस रेलखंड का क्षमता उपयोग 113 प्रतिशत से घटकर 94 प्रतिशत रह जाएगा। यात्री ट्रेनों की संख्या 83 से बढ़कर 91 तथा मालगाड़ियों की संख्या 32 से बढ़कर 37 प्रतिदिन होने की संभावना है। इससे हावड़ा, सियालदह और दक्षिण पूर्व रेलवे से पूर्व मध्य एवं उत्तर पूर्व रेलवे की ओर जाने वाले माल परिवहन को गति मिलेगी। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यह परियोजना रेल परिचालन को अधिक सुगम, समयबद्ध और दक्ष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## गोदरेज इंडस्ट्रीज़ समूह की वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार में एंट्री

**कोलकाता :** गोदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप ने अपनी सहायक कंपनी गोदरेज इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के माध्यम से अपने वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार 'गोदरेज वेल्थ' की शुरुआत की है। कंपनी का लक्ष्य एक भरोसेमंद और तकनीक-सक्षम प्लेटफॉर्म के जरिए 2031 तक 1,00,000 करोड़ का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट हासिल करना है। इस लॉन्च की घोषणा करते हुए गोदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप के नामित चेयरपर्सन पिरोजशा गोदरेज ने कहा, जैसे-जैसे भारत की संपत्ति आधार मजबूत हो रही है और वित्तीय परिसंपत्तियां पारिवारिक संपत्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनती जा रही हैं, वैसे-वैसे ऐसी संस्थाओं की आवश्यकता बढ़ रही है जो पीढ़ियों तक लंबे समय तक संपत्ति के प्रबंधन और संरक्षण में मदद कर सकें। गोदरेज कैपिटल के एमडी और सीईओ मनीष शाह ने कहा, भारत का वेल्थ परिदृश्य लगातार अधिक जटिल होता जा रहा है। आज ग्राहक केवल अलग-अलग वित्तीय उत्पादों की तलाश नहीं कर रहे, बल्कि निवेश, तरलता, उत्तराधिकार योजना, प्रशासनिक ढांचे और वैश्विक अवसरों को शामिल करने वाले एकीकृत समाधानों की मांग कर रहे हैं। गोदरेज वेल्थ के सीईओ कुणाल करनानी ने कहा, आज के समय में वेल्थ मैनेजमेंट का मतलब है कि विभिन्न बाजार परिस्थितियों और जीवन के अलग-अलग चरणों में आने वाले जटिल वित्तीय निर्णयों को सरल बनाया जाए।

## सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य में आरएसएस शिक्षक संगठन के सदस्यों की संख्या 30 हजार के पार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध शिक्षक संगठन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) ने अपने संगठनात्मक विस्तार पर विशेष जोर दिया है। संगठन का दावा है कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद उसके सदस्य संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अब वर्ष 2026-27 के लिए लगभग डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संगठन के अनुसार, स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एबीआरएसएम का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। हालांकि, सदस्यता के लिए बढ़ती उत्सुकता के बीच




संगठन ने सतर्क रुख अपनाया है। एबीआरएसएम नेतृत्व का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस शासनकाल में सक्रिय नेतृत्वकारी भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को संगठन में शामिल नहीं किया जाएगा। वहीं, वे शिक्षक और शिक्षा कर्मी जो पहले वामपंथी या तृणमूल समर्थित संगठनों से जुड़े थे अथवा परिस्थितिवश जुड़े रहने को मजबूर थे, उनका स्वागत किया जाएगा। एबीआरएसएम विद्यालय शिक्षा प्रकोष्ठ के राज्य महासचिव बापी प्रमाणिक ने कहा कि पश्चिम बंगाल में वर्ष 1992 से यह संगठन योग्य नागरिक निर्माण, भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष संगठन के सदस्यों की संख्या लगभग 10 हजार थी। लेकिन इस वर्ष ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने के मात्र तीन दिनों के भीतर ही सदस्य संख्या बढ़कर 30 हजार तक पहुंच गई है। संगठन को उम्मीद है कि चालू वर्ष में यह संख्या डेढ़ लाख के लक्ष्य तक पहुंच जाएगी।

## ब्रिज निर्माण और ट्रैक मरम्मत कार्य... सियालदह मंडल में कई लोकल ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह और विधाननगर रोड स्टेशनों के बीच ब्रिज संख्या-3 के गर्डर लॉन्चिंग कार्य तथा बालीगंज स्टेशन क्षेत्र में ट्रैक रखरखाव के मद्देनजर पूर्व रेलवे ने सियालदह मंडल में कई लोकल ट्रेनों के परिचालन में संशोधन किया है। रेलवे द्वारा पूर्व में जारी कार्यक्रम में आंशिक बदलाव करते हुए नई समय-सारिणी जारी की गई है। जानकारी के अनुसार, 6 जून की रात 10:15 बजे से 7 जून की दोपहर 1:15 बजे तक सियालदह-विधान-नगर रोड खंड में ट्रैफिक और पावर ब्लॉक रहेगा। इसके कारण 6 जून को सियालदह-कल्याणी सीमांत (31341), नैहाटी-कल्याणी सीमांत (31192), सियालदह-रानाघाट (31629/31634) तथा सियालदह-नैहाटी (31444) लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी।

वहीं, 7 जून को सियालदह-



कल्याणी सीमांत लोकल (31315) सियालदह के बजाय नैहाटी से रवाना होगी। जबकि कल्याणी सीमांत-माझेरहाट लोकल (30128) अपने निर्धारित मार्ग पर सामान्य रूप से चलेगी। इसके अलावा, बालीगंज स्टेशन पर ट्रैक मरम्मत कार्य के लिए 6 जून की रात 11:10 बजे से 7 जून की सुबह 5:10 बजे तक ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा। इसके चलते कोमागाटा मारू बजबज-सियालदह लोकल (34163) न्यू अलीपुर तक ही संचालित होगी, जबकि सियालदह-कोमागाटा मारू बजबज लोकल (34112) न्यू अलीपुर से प्रारंभ होगी।

## चंदनपुर-शक्तीगढ़ चौथी रेल लाइन परियोजना ने पकड़ी रफ्तार, माल परिवहन को मिलेगा नया बल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल की महत्वाकांक्षी चंदनपुर-शक्तीगढ़ चौथी रेल लाइन परियोजना ने एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर लिया है। रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 20ए के तहत राजपत्र अधिसूचना जारी होने के साथ भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो गई है। 851.74 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना 42.66 किलोमीटर लंबी है, जबकि इसका कुल दायरा 48.3 किलोमीटर है।

वर्तमान में हावड़ा-वर्दवान कॉर्ड लाइन का यह रेलखंड 113 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित हो रहा है। प्रतिदिन 83 यात्री ट्रेनें और 32 मालगाड़ियां इस मार्ग से गुजरती हैं, जबकि लगभग 25 मालगाड़ियों को औसतन एक घंटे तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जिससे पूरे नेटवर्क में परिचालन प्रभावित होता है। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) मनोज खान की निगरानी में परियोजना पर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए, हुगली और पूर्व वर्दवान जिलों में 4.38 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। परियोजना के तहत 95 छोटे और 8 बड़े पुलों का निर्माण किया जाना है। चंदनपुर-पल्लारोड खंड के लिए ईपीसी टेंडर जारी किया जा चुका है, जबकि शेष खंड का टेंडर भूमि अधिग्रहण पूरा होने के बाद जारी होगा।

यह चौथी लाइन पोराबाजार, बेलमुरी, धनियाखाली, सिबाईचंडी, चराग्राम, हाजीगढ़, गुराप, झापांडांगा, जौग्राम, नबाग्राम, मसाग्राम, चांचाई और पल्ला रोड जैसे क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। परियोजना पूरी होने पर क्षमता उपयोग 113 प्रतिशत से घटकर 94 प्रतिशत रह जाएगा। यात्री ट्रेनों की संख्या 83 से बढ़कर 91 तथा मालगाड़ियों की संख्या 32 से बढ़कर 37 प्रतिदिन हो जाएगी। पूर्व रेलवे के अनुसार, इससे हावड़ा, सियालदह और दक्षिण पूर्व रेलवे से पूर्व मध्य एवं उत्तर पूर्व रेलवे की ओर जाने वाले माल परिवहन को गति मिलेगी। साथ ही पारादीप, हल्दिया और धामरा बंदरगाहों से आने वाले कोयला, उर्वरक और सीमेंट जैसे औद्योगिक माल के आवागमन तथा जनाई रोड स्थित प्रस्तावित गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल से भविष्य के यातायात को भी बड़ा लाभ मिलेगा। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने इसे क्षेत्रीय रेल परिवहन और आर्थिक गतिविधियों के लिए एक महत्व-पूर्ण परियोजना बताया है।

### कोलकाता पूर्वी भारत का डेटा हब बनकर उभरा : नाइट फ्रैंक इंडिया

**कोलकाता :** नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम रिपोर्ट इंडिया डेटा सेंटर मार्केट अपडेट 2025: ट्रैकिंग कैपेसिटी, डिमांड एंड सप्लाई पाइप लाइन में बताया गया है कि कोलकाता धीरे-धीरे पूर्वी भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर गेटवे के रूप में उभर रहा है, जहाँ शहर की सक्रिय डेटा सेंटर क्षमता पिछले दशक में लगभग छह गुना बढ़कर 2025 में 23.1 मेगावाट तक पहुँच गई है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2016 से 2025 के बीच कोलकाता की सक्रिय डेटा सेंटर क्षमता में 22% की मजबूत सीएजीआर दर्ज की गई, जो 3.9 मेगावाट से बढ़कर 23.1 मेगावाट हो गई। शिशिर बैजल, इंटरनेशनल पार्टनर, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा,भारतीय डेटा सेंटर क्षेत्र अब केवल विस्तार नहीं कर रहा है - यह देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था के प्रमुख आधार स्तंभों में से एक के रूप में संरचनात्मक रूप से परिवर्तित हो रहा है।

### जेल में बंद सुजीत बोस ने मांगा 'ग्रेड-1' कैदी का दर्जा, ईडी ने जताई आपत्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** नगर निकाय भर्ती भ्रष्टाचार मामले में न्यायिक हिरासत में बंद पूर्व मंत्री और टीएमसी नेता सुजीत बोस ने अदालत से 'ग्रेड-1' कैदी का दर्जा देने की मांग की है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई विशेष अदालत में वर्चुअल माध्यम से हुई, जहां सुजीत बोस भी पेश हुए। सुनवाई के दौरान सुजीत बोस के वकील ने अदालत से उनके मुवक्किल को ग्रेड-1 कैदी का दर्जा देने की अपील की। ईडी की ओर से पेश डिप्टी सॉलिसिटर जनरल धीरज त्रिवेदी ने अदालत को बताया कि मामले की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सुजीत बोस के करीबी सहयोगी और दक्षिण दमदम नगरपालिका के डिप्टी मेयर निताई दत्ता को पूछताछ के लिए समन भेजा गया था। निताई दत्ता ने बताया है कि वह हैदराबाद में इलाज करा रहे हैं और इसी महीने जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे। ईडी ने अदालत को यह भी बताया कि जांच के दौरान नियुक्त किए गए उम्मीदवारों की एक सूची बरामद हुई है। इसके अलावा, कई डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। सुनवाई के बाद ईडी के वकील ने कहा कि जांच एजेंसी के हाथ कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां लगी हैं और कई बिंदुओं पर पूछताछ की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार समन भेजे जाने के बावजूद कुछ लोग प्रभावशाली व्यक्तियों के दबाव में जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वहीं, सुजीत बोस के वकील ने दावा किया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की चार्जशीट में उनके मुवक्किल का नाम नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले में किसी धन लेन-देन का जिक्र नहीं किया गया है और अन्य आरोपियों के बयानों में भी सुजीत बोस की कोई भूमिका सामने नहीं आई है। ईडी के अनुसार, नगर निकाय भर्ती घोटाले की जांच में दक्षिण दमदम नगर पालिका में कथित तौर पर अवैध रूप से नौकरी दिलाने के लिए करीब 150 उम्मीदवारों के नामों की सूची मिली है। एजेंसी का कहना है कि भ्रष्टाचार से अर्जित धन विभिन्न बैंक खातों में जमा किया गया, जिसकी जांच जारी है। ईडी ने 11 मई को सुजीत बोस को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले उनके घर, कार्यालय और उनके द्वारा संचालित ढाबे पर भी छापेमारी की गई थी।

## हावड़ा मंडल की बड़ी उपलब्धि, टिकट जांच आय ने बनाया नया रिकॉर्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने राजस्व अर्जन के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मंडल ने ई-नीलामी के माध्यम से गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) के तहत एक प्रमुख वाणिज्यिक अनुबंध सफलतापूर्वक प्रदान किया है। नए अनुबंध के तहत हावड़ा स्टेशन पर 80 वर्ग फुट के एक आधुनिक रिटेल स्टोर की स्थापना, संचालन और रखरखाव किया जाएगा। 10 वर्षों की अवधि वाले इस अनुबंध से रेलवे को प्रतिवर्ष 22.70 लाख रुपये का लाइसेंस शुल्क प्राप्त होगा। अनुबंध का कुल मूल्य लगभग 3.05 करोड़ रुपये है।

हावड़ा मंडल के डीआरएम विशाल कपूर ने कहा कि यह पहल यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ रेलवे परिसंपत्तियों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करेगी। यह परियोजना प्रधान मुख्य वाणिज्यिक



प्रबंधक डॉ. उदय शंकर झा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई है। वहीं, टिकट जांच अभियान के माध्यम से भी हावड़ा मंडल ने रिकॉर्ड आय अर्जित की है। अप्रैल 2026 में टिकट जांच से प्राप्त राजस्व 4.40 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21.55 प्रतिशत अधिक है। मई 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 5.35 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो मई 2025 की तुलना में 56.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह पहली बार है जब किसी एक महीने में टिकट जांच से प्राप्त आय 5 करोड़ रुपये के पार पहुंची है। अप्रैल और मई 2026 के दौरान टिकट जांच से कुल 9.76 करोड़ रुपये की आय दर्ज की गई है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि सख्त टिकट जांच और नवाचारी गैर-किराया राजस्व पहलों के माध्यम से हावड़ा मंडल यात्री सेवा और राजस्व वृद्धि के नए मानक स्थापित कर रहा है।

### सिक्किम में स्वास्थ्य सेवाओं को मिला बल,

# जेनराली सेंट्रल लाइफ ने दान की दो लाइफ-सपोर्ट एम्बुलेंस

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने सिक्किम में स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए गंगटोक स्थित सर थुटोब नामग्याल मेमोरियल (एसटीएनएम) अस्पताल को दो अत्याधुनिक लाइफ-सपोर्ट एम्बुलेंस प्रदान की हैं। कंपनी का कहना है कि इन एम्बुलेंसों से विशेष रूप से राज्य के सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की पहुंच और प्रतिक्रिया क्षमता बेहतर होगी। एडवांस्ड लाइफ-सपोर्ट सिस्टम से लैस ये एम्बुलेंस गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मदद करेंगी और स्वास्थ्य सेवा तंत्र पर दबाव कम करेंगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिक्किम सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जी.टी. धुंगेल, वित्त निदेशक महेंद्र प्रधान तथा अस्पताल प्रशासन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कंपनी के एमडी एवं सीईओ आलोक रुंगटा ने कहा कि जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस केवल बीमा सुरक्षा ही नहीं, बल्कि समुदायों के समग्र कल्याण के लिए भी प्रतिबद्ध है। वहीं, अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रूथ योंजन ने इस सहयोग को राज्य की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया। कंपनी ने इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## अन्नपूर्णा योजना के तहत 3000 रुपये मिलने की खुशी में महिलाओं ने खेली अबीर, सागर प्रखंड में उत्सव का माहौल

**❑ नई योजना के पहले चरण में पांच महिलाओं को मिला स्वीकृति पत्र, बड़ी संख्या में पहुंचीं लाभार्थी महिलाएं**

**गंगासागर :** राज्य की नई सरकार द्वारा किए गए वादे के अनुरूप बुधवार से अन्नपूर्णा योजना की औपचारिक शुरुआत हो गई। राज्य मुख्यालय में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा योजना का शुभारंभ किए जाने के बाद सागर प्रखंड कार्यालय में भी एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों ने योजना के प्रथम चरण के लाभार्थियों के रूप में पांच महिलाओं को सरकारी स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही महिलाओं को प्रतिमाह 3000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलने की प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी गई।

योजना के तहत राशि मिलने की पुष्टि होते ही प्रखंड कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लंबे समय से प्रतीक्षित आर्थिक सहायता की घोषणा से उत्साहित महिलाएं खुशी से झूम उठीं। कई महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और उत्सव जैसा माहौल बन गया।

लाभार्थी महिलाओं ने कहा कि यह अतिरिक्त आर्थिक



सहायता घरेलू खर्चों को संभालने तथा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई के बीच यह राशि परिवार के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

प्रशासन की ओर से बताया गया कि शीघ्र ही राज्य की सभी पात्र महिलाओं के बैंक खातों में योजना की राशि सीधे जमा की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि पात्रता की जांच पूरी होते ही चरणबद्ध तरीके से लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रखंड प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। नई योजना को लेकर सागर प्रखंड की महिलाओं में व्यापक उत्साह और उम्मीद का वातावरण देखने को मिला।

# जून में बदले जाएंगे 1,100 पंचायत कर्मी, 11 हजार खाली पदों पर होगी भर्ती : दिलीप घोष

❑ **पंचायत मंत्री ने कहा, पंचायतों का होगा विशेष ऑडिट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने गुरुवार को 'मृत्तिका भवन' में एक महत्वपूर्ण संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता लाने के लिए 1,100 कर्मचारियों के तत्काल तबादले, 11 हजार से अधिक पदों पर सरकारी भर्ती और ग्रामीण विकास की कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान किया। पंचायत मंत्री दिलीप घोष ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत को रोकने के लिए राज्य सरकार ने कड़ा



रुख अपनाया है। उन्होंने जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि जो भी पंचायत कर्मचारी पिछले 3 साल या उससे अधिक समय से एक ही जगह पर कार्यरत हैं, उनका तुरंत तबादला किया जाए। मंत्री ने कहा कि राज्य भर में ऐसे कर्मचारियों की संख्या लगभग 1,100 है। इसी चालू महीने (जून) के भीतर इन सभी का ट्रांसफर पूरा करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब तक पंचायतों में ऑडिट अनियमित था, लेकिन अब से सभी ग्राम पंचायतों में समय-समय पर नियमित ऑडिट कराया जाएगा। दिलीप घोष ने राज्य की त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था में खाली पड़े पदों का ब्योरा देते हुए बेरोजगार युवाओं के लिए भी बड़ी खुशखबरी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में कुल 11,154 पद खाली हैं, इनमें ग्राम पंचायत स्तर पर 9,936 पद, पंचायत समिति स्तर पर 660 पद और जिला या अनुमंडल (महकुमा) स्तर पर 558 पद शामिल है। उन्होंने बताया कि पिछली कैबिनेट बैठक में 6,536 पदों पर भर्ती को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई थी। मंत्री ने साफ संदेश दिया कि अब यह पूरी भर्ती प्रक्रिया नियमों के तहत और निष्पक्ष लिखित परीक्षा के माध्यम से पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी।

❑ **राज्य में फिर शुरू होंगी केंद्रीय ग्रामीण विकास योजनाएं**

केंद्र सरकार के साथ समन्वय को लेकर पंचायत मंत्री ने एक बड़ा अपडेट देते हुए बताया कि केंद्र की सभी ग्रामीण विकास योजनाओं को अब राज्य में पूरी तरह लागू कर दिया गया है, जिसके बाद केंद्र से बकाया फंड भी आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से ग्रामीण बंगाल में 2,790 किलोमीटर लंबी सड़कों और 45 पुलों का निर्माण किया जाएगा। इस पर करीब 2,500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जून महीने तक राज्य में 100 दिनों का काम (मनरेगा) चालू रहेगा। इसके बाद, जुलाई से राज्य सरकार 125 दिनों की काम योजना (जीराम-जी) शुरू करेगी, जिसके लिए सालाना 12,850 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया जाएगा। राज्य में 1 लाख नए स्वयं सहायता समूह बनाए जाएंगे और प्रत्येक समूह को 3.5 लाख रुपये तक के ऋण (लोन) की व्यवस्था की जाएगी।

❑ **दिशा कमेटी को लेकर जिलाधिकारियों को निर्देश**

भ्रष्टाचार रोकने और केंद्रीय परियोजनाओं की निगरानी के लिए दिलीप घोष ने 'दिशा कमेटी' की सक्रियता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कमेटी के अध्यक्ष सांसद होते हैं। मैं खुद भी सांसद था, लेकिन पिछली सरकार में मुझे कभी बैठक में नहीं बुलाया गया। अब जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि सभी के साथ बेहतर समन्वय बनाकर ही विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाए।

### वरिष्ठ आईपीएस अजय मुकुंद राणाडे बने डीजी लॉ एंड ऑर्डर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने 1995 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अजय मुकुंद राणाडे को एडीजी से डीजी (महानिदेशक) के पद पर पदोन्नति दी है। राज्य के गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग (पुलिस सेवा सेल) द्वारा गुरुवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, वरिष्ठ आईपीएस राणाडे जो वर्तमान में राज्य के अतिरिक्त महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (एडीजी व आईजी)- कानून-व्यवस्था के पद पर कार्यरत थे। उन्हें अब पदोन्नति देते हुए पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक (डीजी व आईजी)- कानून- व्यवस्था के पद पर नियुक्त किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, राणाडे की यह नई जिम्मेदारी एक मई 2026 से ही प्रभावी मानी जाएगी और वे अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

### हस्ताक्षर जालसाजी मामले में फिरहाद हकीम के घर पहुंची सीआईडी, तीन विधायकों के नमूने एकत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में कथित हस्ताक्षर जालसाजी मामले की जांच तेज करते हुए राज्य पुलिस की सीआईडी टीम गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक और कोलकाता के पूर्व मेयर फिरहाद हकीम के आवास पहुंची। जांच एजेंसी इस मामले में उनसे पूछताछ कर सकती है। इसी मामले में सीआईडी ने गुरुवार को अदालत की अनुमति से तीन अन्य टीएमसी विधायकों के हस्तलेखन नमूने भी एकत्र किए। इनमें बहारुल इस्लाम, अरूप रॉय और सुभाषिश दास शामिल हैं। सीआईडी ने इन विधायकों के हस्तलेखन नमूने लेने के लिए सिटी सेशंस कोर्ट का रुख किया था। अदालत की मंजूरी मिलने के बाद तीनों विधायक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए और अपने नमूने दिए।

## राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने मेयो अस्पताल का किया दौरा



**कोलकाता :** श्यामपुकुर विधानसभा क्षेत्र स्थित मेयो अस्पताल का दौरा कर राज्य मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से अस्पताल के विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण आम लोगों को अपेक्षित चिकित्सा सेवाएं नहीं मिल पा रही थीं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में अस्पताल की आधारभूत संरचना और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। दौरे के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के मुद्दे पर चर्चा की।

## शिवपुर श्मशान घाट का होगा विकास, अतिक्रमण हटाकर बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं : रुद्रनील घोष

**हावड़ा, समाज्ञा :** शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रुद्रनील घोष ने गुरुवार को शिवपुर श्मशान घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्मशान को उसकी गरिमा और पवित्रता के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि लोग यहां से श्रद्धा और मानसिक शांति के साथ घर लौट सकें। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्षों में श्मशान घाट में अनियमितताएं बढ़ीं और असामाजिक तत्वों की आवाजाही भी देखने को मिली। साथ ही आसपास की सड़कें और बुनियादी सुविधाएं बदहाल स्थिति में पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि हावड़ा नगर निगम, केएमडीए और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से श्मशान घाट का व्यापक विकास, सौंदर्यीकरण



और अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाएगा। रुद्रनील घोष ने कहा कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में हावड़ा जैसे 500 वर्ष पुराने ऐतिहासिक शहर की खोई हुई गरिमा लौटाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व सरकार पर विकास की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि श्मशान घाट में सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं भी विकसित की जाएंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि शिवपुर और दक्षिण हावड़ा के लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

## मेस्सी के कार्यक्रम में गड़बड़ी के मामले में पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए अरूप बिस्वास, मांगा समय

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास पिछले साल दिसंबर में सॉल्टलेक स्टेडियम में लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था से संबंधित मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को पुलिस के सामने पेश नहीं हुए और उन्होंने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए दो सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बता दें कि कार्यक्रम के आयोजक शतद्रु दत्ता ने बिस्वास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी और पूर्व मंत्री पर टिकटों की कालाबाजारी, जबरन वसूली, आपराधिक धमकी व धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। पुलिस ने बिस्वास को पांच जून तक जांचकर्ताओं के सामने पेश होने के लिए कहा था। इस दिन, तृणमूल नेता ने स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए कहा कि वह फिलहाल पेश होने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हमें उनसे (अरूप बिस्वास से) चिकित्सा कारणों से अतिरिक्त समय देने का पत्र मिला है। अनुरोध की कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार जांच की जा रही है। जांच के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। दत्ता ने इस घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री जांच में देरी करने का प्रयास कर रहे हैं। दत्ता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि समन मिलने के बाद अचानक बीमार पड़ जाना? मेडिकल सर्टिफिकेट से समय तो मिल सकता है, लेकिन इससे कोई न्याय से बच नहीं सकता। उन्होंने दावा किया कि बीमारी का समय महज एक संयोग नहीं माना जा सकता। उन्होंने मामले को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## इंटाली में तृणमूल विधायक संदीपन और स्वर्णकमल के खिलाफ प्रदर्शन

❑ **प्रदर्शन में शामिल हुईं भाजपा नेता टिबरेवाल**

❑ **भ्रष्टाचार और जबरन वसूली का आरोप, ईडी-सीबीआई जांच की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा की नेता प्रियंका टिबरेवाल गुरुवार को कोलकाता के इंटाली क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के साथ शामिल हुईं, जो तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित विधायक संदीपन साहा और उनके पिता स्वर्ण कमल साहा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने दोनों पर जमीन कब्जाने और उगाही करने के आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों ने संदीपन साहा के घर के सामने प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि वह तथा उनके पिता जनता से 'कट मनी' वसूलते थे। प्रियंका टिबरेवाल ने संवाददाताओं से



कहा कि यह प्रदर्शन आम लोग कर रहे हैं। मैं उनके साथ शामिल हुई हूं। ये ऐसे नागरिक हैं, जिन्हें लगता है कि संदीपन साहा और स्वर्ण कमल साहा ने उनके साथ धोखा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिन से संदीपन साहा की सकारात्मक छवि पेश करने की कोशिश की जा रही है, जबकि जनता की उनके खिलाफ कई शिकायतें हैं। टिबरेवाल ने कहा कि पिछले दो दिन से संदीपन साहा खुद को संत की तरह पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। आज लोग सड़कों पर उतरकर उस छवि पर सवाल उठा रहे हैं और अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। उनका मानना है कि उनके साथ लूट और धोखा हुआ है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नारेबाजी की और पिता-पुत्र की जवाबदेही तय करने की मांग की।

## पूर्व परिवहन मंत्री ने राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा की

**हुगली :** पश्चिम बंगाल के पूर्व परिवहन मंत्री और तृणमूल कांग्रेस नेता स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने करीब चार दशक लंबे राजनीतिक जीवन के बाद सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में जंगीपाड़ा विधानसभा सीट से चुनाव हारने वाले स्नेहाशिस ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक संस्कृति और दलों की कार्यशैली उनके विचारों से मेल नहीं खाती। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की संगठनात्मक संरचना पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधायकों और सांसदों को स्वतंत्र रूप से अपनी राय रखने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलता था। साथ ही उन्होंने संगठन और नेतृत्व के बीच बेहतर संवाद की आवश्यकता बताई। स्नेहाशीष ने



कहा कि अब वे किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ेंगे, लेकिन लेखन, राजनीतिक विश्लेषण और सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहेंगे। उन्होंने नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना अब उनकी जिम्मेदारी है।

## पूर्व तृणमूल विधायक को नहीं मिली जमानत

**हुगली :** उगाही के आरोप में दर्ज नए मामले में पूर्व तृणमूल विधायक असित मजूमदार को जमानत नहीं मिली है। पुलिस के काम में बाधा डालने और सड़क जाम करने के मामले में जमानत मिलने के बावजूद उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा। उनके साथ पार्थ साहा और तृणमूल कार्यकर्ता मिर्ज़ा सनोवर अली की जमानत याचिका भी चुंचुड़ा अदालत ने खारिज कर दी।

गत 30 मई को अभिषेक बनर्जी के साथ सोनारपुर में कथित दुर्व्यवहार के विरोध में, असित मजूमदार के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीपुल पाती मोड़ पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, दुर्व्यवहार करने और अवैध रूप से सड़क अवरुद्ध



करने के आरोप में स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया था। उसी दिन असित मजूमदार सहित 10 लोगों को चूंचूड़ा अदालत में पेश किया गया था। इनमें से पांच लोगों को पुलिस हिरासत और पांच को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश अदालत ने दिया था। आज उसी मामले में कोर्ट में पेशी का दिन था।

असित मजूमदार की ओर से पेश अधिवक्ता निर्माल्य चक्रबर्ती ने बताया किआज अदालत ने बाकी नौ आरोपियों को भी जमानत दे दी। हालांकि, असित मजूमदार फिलहाल जेल से रिहा नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उन्हें एक अलग उगाही के मामले में भी आरोपी बनाया गया है। उस मामले में पार्थ साहा और मिर्जा सनावर अली भी सह-आरोपी हैं। अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं भी खारिज कर दी हैं। इस उगाही मामले में असित मजूमदार की कल फिर अदालत में पेशी होगी, जबकि अन्य दो आरोपियों की पेशी शनिवार को निर्धारित है। वर्तमान में असित मजूमदार हुगली कारागार में बंद हैं। उन्हें आज अदालत में पेश नहीं किया गया; उनके वकील ने उनकी ओर से अदालत में पक्ष रखा।

### ऑफिस से लौट रही युवती से दुर्व्यवहार और मारपीट का आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा :** दक्षिण हावड़ा के चूनाभाटी इलाके में एक युवती के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़िता पूनम राय ने आरोप लगाया है कि कार्यालय से घर लौटने के दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता का यह भी आरोप है कि घटना के बाद आरोपित उसके घर पहुंचे और उसकी बहन के साथ भी मारपीट की। घायल पूनम राय का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़िता के परिवार ने पड़ोस में रहने वाले आलोक राय और उनकी पत्नी नीतू राय पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस में घटना की शिकायत दर्ज करायी। परिवार का कहना है कि शिकायत दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## पूर्व मंत्री अरूप बिस्वास का भाई जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व खेल मंत्री अरूप बिस्वास के भाई स्वरूप बिस्वास को गुरुवार की रात कोलकाता पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वह पिछले साल लियोनेल मेस्सी के जीओएटी इंडिया टूर के दौरान साल्टलेक स्थित युवा भारती क्रीड़ांगन में हुई तोड़फोड़ के मामले में आरोपी हैं। राज्य पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह गिरफ्तारी बंगाली फिल्म उद्योग से जुड़े तकनीशियनों से जबरन वसूली के आरोपों के संबंध में की गई है। सूत्रों ने बताया कि स्वरूप बिस्वास को कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके टॉलीगंज में स्थित बंगाली फिल्म, टेलीविजन और ओटीटी प्रोडक्शन में काम करने वाले मेकअप आर्टिस्टों के एक संगठन से जुड़ी एक महिला मेकअप आर्टिस्ट द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि स्वरूप बिस्वास ने पिछले दो वर्षों से उसे मेकअप से संबंधित कोई भी काम न मिलने देने की साजिश रची। उसने यह भी आरोप लगाया कि जब उसके बड़े भाई ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली पश्चिम बंगाल सरकार में खेल और ऊर्जा मंत्री थे, तब स्वरूप ने उसे कई बार धमकी दी थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आगे आरोप लगाया कि स्वरूप बिस्वास ने धमकी और डरा-धमकाकर उनसे कई लाख रुपये की उगाही की। शिकायत के आधार पर, न्यू अलीपुर थाने ने जांच शुरू की और उसके बाद गुरुवार की रात को उसे गिरफ्तार कर लिया।

## 'हरियाली साथी' संस्था ने पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**हावड़ा :** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'हरियाली साथी' संस्था की ओर से एक सराहनीय पहल की गई। संस्था के प्रतिनिधि अजय कुमार प्रसाद एवं दीपांकर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से 'एमपी डांस एकेडमी' के संचालक और जाने-माने कोरियोग्राफर मास्टर पिंटू से मुलाकात की और उन्हें प्रकृति के प्रतीक के रूप में तुलसी का एक पवित्र पौधा भेंट किया।

इस अवसर पर 'हरियाली साथी' की तरफ से अजय कुमार प्रसाद ने पर्यावरण के प्रति समाज को जागरूक करने की मुहिम पर विशेष बल दिया। उन्होंने ने कहा कि आज के समय में घटते वन क्षेत्र और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए केवल बातें करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि हर नागरिक को धरातल पर उतरकर जिम्मेदारी उठानी होगी।

दीपांकर श्रीवास्तव ने समाज के



सभी वर्गों, विशेषकर युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा और स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। हर व्यक्ति अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले। पौधा ग्रहण करने के बाद मास्टर पिंटू ने 'हरियाली साथी' के इस प्रयास की सराहना की और विश्वास दिलाया कि वे अपनी एकेडमी के माध्यम से भी लोगों और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने इस मुहिम को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। हरियाली साथी की तरफ से अमित कुमार जायसवाल हुआ विनय कुमार ने पर्यावरण दिवस पर अधिक से अधिक पौधारोपण की अपील करते हुए पौधा लगाने पर जोर दिया। अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि यदि आपके पास पौधा लगाने की जगह नहीं है तो कम से कम घरों पर गमले में पौधे लगाएं और उसकी देखभाल करें। साथ ही बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करें। हरियाली साथी के सलाहकार संदीप त्रिपाठी ने इस प्रेरक पहल की सराहना की।

## तृणमूल पार्टी कार्यालय के पास दो ताजा बम बरामद

### बम निरोधक दस्ते ने किया निष्क्रिय

**हुगली :** धनियाखाली में तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालय के सामने स्थित दो कमरों से दो ताजा बम बरामद किए गए। बम निरोधक दस्ते ने उन्हें निष्क्रिय कर दिया। बताया गया कि धनियाखाली के बोसो इलाके में तृणमूल के एक पार्टी कार्यालय के सामने मौजूद कमरे की सफाई के दौरान इन दो ताजा बमों का पता चला। धनियाखाली थाने की पुलिस ने बमों को बरामद कर एक सुरक्षित स्थान पर रखा और बम निरोधक दस्ते को सूचना दी। आज सुबह बैरकपुर से बम निरोधक दस्ते के सदस्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों बमों को एक सुनसान स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बनने पर केंद्रीय बलों को भी तैनात किया गया। पुलिस इस बात की जांच शुरू कर चुकी है कि ये बम वहां कैसे पहुंचे। इस घटना को लेकर भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने दावा किया कि तृणमूल के पार्टी कार्यालय के आसपास जिस तरह से बम बरामद हुए हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि इलाके में हिंसा और आतंक का माहौल बनाने की तैयारी की जा रही थी। फ़िलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# ममता ने कालीघाट मंदिर में की पूजा-अर्चना



**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता बनर्जी गुरुवार को कालीघाट काली मंदिर गयीं जहां उन्होंने पूजा एवं अर्चना की। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख मंदिर परिसर में दाखिल हुईं और जब तक देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन नहीं कर लिए, वह धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करती रहीं। कर्नाटक से आए चार लोगों के एक परिवार ने प्रदेश की तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकी ममता बनर्जी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया जिसका उन्होंने मुस्कुराकर और सम्मान के साथ जवाब दिया। इसके बाद, उन्होंने देवी के दर्शन किए।

### ममता के बांग्लादेश से संबंधित बयान के खिलाफ शिकायत दर्ज

**सिलीगुड़ी : तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी की हालिया टिप्पणियों के खिलाफ एक अधिवक्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं की आलोचना संबंधी ममता की हालिया टिप्पणियां और 'बांग्लादेश में एक नेता की हत्या को केंद्र सरकार से जोड़ने वाला' बयान देश की संप्रभुता और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए हानिकारक है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह शिकायत बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ से संबद्ध अधिवक्ता रिंकू चटर्जी सिंह ने सिलीगुड़ी के साइबर पुलिस थाने में दर्ज कराई। सिंह ने आरोप लगाया कि ममता ने विभिन्न सार्वजनिक भाषणों, राजनीतिक मंचों और मीडिया से बातचीत के दौरान निर्वाचन आयोग तथा विधानसभा चुनावों के दौरान तैनात सशस्त्र बलों सहित संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ कथित तौर पर 'भड़काऊ बयान' दिए। अपनी शिकायत में सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने इन संस्थाओं की निष्पक्षता, तटस्थता और विश्वसनीयता पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए, जिससे संस्थाओं और प्रशासनिक तंत्र के प्रति लोगों में अविश्वास और असंतोष पैदा करने का प्रयास किया गया। शिकायत में वकील ने कहा कि इस तरह के आरोप कथित तौर पर जनता और मीडिया के सामने खुलेआम लगाए गए, जिसका स्पष्ट उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष केंद्र सरकार की छवि और विश्वसनीयता को कम करना और दो संप्रभु राष्ट्रों के बीच शत्रुता पैदा करना था। शिकायतकर्ता ने कहा कि ये बयान 'राजनीतिक लाभ और व्यक्तिगत राजनीतिक फायदे' के लिए दिए गए और प्रथम दृष्टया ये भारत की संप्रभुता, अखंडता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के प्रतिकूल कृत्य प्रतीत होते हैं। सिंह ने कहा कि ये टिप्पणियां 'सार्वजनिक अव्यवस्था, सांप्रदायिक अशांति और विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को भड़का सकती हैं' तथा भारत और बांग्लादेश के बीच राजनयिक संबंधों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकती हैं।**

## शुरुआत में सख्ती होती तो हालात अलग होते : बाबुल सुप्रियो

### तृणमूल सांसद ने पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी के समर्थन में लिखा भावुक पोस्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के नेता बाबुल सुप्रियो ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच पर भावुक पोस्ट लिख अपने राजनीतिक करियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहीं पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के प्रति समर्थन व्यक्त किया और वादा किया कि वह 'बुरे समय में' उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने अपने नवीनतम पोस्ट में ममता बनर्जी का साथ छोड़ने की आशंका को समाप्त करने की कोशिश की और मौजूदा मुश्किलों के बावजूद उनके साथ खड़े रहने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने उन नेताओं पर जमकर निशाना साधा, जो कभी तृणमूल सुप्रीमो के करीब आने के लिए होड़ करते थे, लेकिन पार्टी के सत्ता से बाहर होने के बाद अब उनका साथ छोड़ रहे हैं। उन्होंने ममता बनर्जी का जिक्र



करते हुए लिखा कि हालात चाहे जो भी हों, मैं दीदी के साथ हूं। राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि जो नेता अब ममता बनर्जी की आलोचना कर रहे हैं, वे एक समय तृणमूल के सत्ता में रहने के दौरान पद और लाभ हासिल करने के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। उन्होंने कहा कि वही लोग अब उन्हें धोखा दे रहे हैं। उन्होंने दलील दी कि जिन निर्वाचित प्रतिनिधियों ने उस पार्टी के खिलाफ विद्रोह किया है जिसके चुनाव चिह्न पर वे चुने गए थे, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और नया जनादेश मांगना चाहिए। उन्होंने कई बागी विधायकों पर तीखा हमला किया। सुप्रियो ने किसी का नाम लिए बिना एक बागी नेता को 'इंसान के वेश में एक सांप' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी का विरोध करने वाले कई लोग भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़े होने के बावजूद राजनीतिक रूप से फले-फूले हैं। सुप्रियो ने लिखा कि दीदी ने निश्चित रूप से इनमें से कुछ लोगों के खिलाफ अधिक सख्ती से कार्रवाई न करके एक गंभीर गलती की है।

# मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में आग से पांच की मौत

## मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने जताया शोक



**मुजफ्फरपुर (बिहार):** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ जिला अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के शशांक कुमार (30), कृष्णानंदन सिंह (76) और गीता देवी (60), शिवहर जिले के उदय कुमार (57) तथा सीतामढ़ी जिले की संजीत कुमार (33) के रूप में हुई है। नगर आयुक्त ऋतुराज सिंह ने कहा, 'अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। कई अन्य लोग घायल हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।' इससे पहले, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया था कि सुबह घटना की सूचना मिलने पर मृतकों की संख्या तीन थी। उन्होंने बताया कि आईसीयू में लगभग 13 से 15 मरीजों का इलाज चल रहा था, जिन्हें उनके परिजन अन्य अस्प-तालों में ले गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा, ''हम मरीजों के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं। आग पर काबू पा लिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।'' प्रसाद अस्पताल के प्रशासन के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और तेजी से फैल गई, जिससे आईसीयू में धुआं भर गया और मरीजों को बाहर निकालने में काफी कठिनाई हुई। लापरवाही के सवाल पर नगर आयुक्त ऋतुराज सिंह ने पत्रकारों से कहा कि जिलाधिकारी ने मामले की गहन जांच के लिए अपर समाहर्ता (एडीएम), अनुमंडल अधिकारी (एसडीएम), अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) एवं अन्य अधिकारियों की पांच सदस्यीय टीम गठित की है। उन्होंने कहा, 'जांच दल की रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आग लगने की वास्तविक वजह क्या थी।' इस बीच, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घटना को 'अत्यंत दुखद' बताया और मृत व्यक्तियों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मृत व्यक्तियों के परिवारों को तत्काल चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और घायलों के उपचार के लिए जिला अस्पतालों में समुचित व्यवस्था की गई है।' उपमुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और सरकार इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। इस बीच, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने बृहस्पतिवार को दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों के सवालों पर कोई टिप्पणी नहीं की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल में आग लगने से हुई जनहानि से मैं अत्यंत दुखी हूं। मैं दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी करता हूं।' पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इस घटना को हृदयविदारक बताया और मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'मुजफ्फरपुर जिले के एक निजी अस्पताल में आग लगने से हुई जनहानि अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'

### खगड़िया में 'हाइवा' की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत

**खगड़िया:** बिहार के खगड़िया जिले के चौथम थानाक्षेत्र में सोनबरसा घाट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग–107 पर बृहस्पतिवार को 'हाइवा' (भारी माल-वाहक) की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान बेलदौर थाना क्षेत्र के चौढ़ली गांव के मोहम्मद दिलावर के पुत्रों–मोहम्मद अरवाज (22) और मोहम्मद असद (24) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों भाई अपने घर से मोटरसाइकिल से महेशखूंट की ओर जा रहे थे, उसी दौरान सोनबरसा घाट के पास एनएच–107 पर उनकी मोटरसाइकिल सामने से आ रहे एक 'हाइवा' की चपेट में आ गई, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### वाराणसी में साथ रह रहे दो लोगों के शव घर से बरामद

**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी में चोलापुर थानाक्षेत्र के बनियापुर गांव में एक मकान में दो लोगों के शव संदिग्ध परिस्थिति में मिले हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान हुकुलगंज निवासी अभिजीत गांगुली (47) और चोलापुर के कोहांसी गांव के निहाल सिंह (41) के रूप में हुई है। कुमार ने बताया कि दोनों अविवाहित थे और साथ रहते थे। उन्होंने बताया कि उनमें से एक का शव कमरे में तथा दूसरे का बाथरूम के पास मिला है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि शवों के पास सल्फास (जहर) की गोली भी मिली है, ऐसे में हालात को देखते हुए हत्या एवं आत्महत्या दोनों कोणों से मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाये गये हैं तथा उनकी मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। कुमार ने बताया कि पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ तथा दोनों के मोबाइल और अन्य वस्तुओं की जांच कर रही है।

### झारखंड के पलामू में मालगाड़ी के 15 डिब्बे पटरी से उतरे, जानमाल के नुकसान की खबर नहीं

**मेदिनीनगर (झारखंड):** झारखंड के पलामू जिले में कोयले से लदी एक मालगाड़ी के बृहस्पतिवार को कम से कम 15 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे के कारण डालटनगंज और गढ़वा रोड जंक्शन के बीच ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह घटना पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के धनबाद मंडल के अंतर्गत दोपहर करीब एक बजे राजहरा स्टेशन के पास हुई। इस हादसे के कारण कम से कम 10 यात्री ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन किया गया, उन्हें गंतव्य से पहले रोका गया या रद्द कर दिया गया। पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, कोयले से लदे 15 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। इस मार्ग पर लम्बी दूरी की दो मालगाड़ियां गुजर रही थीं, जिनमें करीब 116 डिब्बे थे।

### कमरे में फंदे से लटका मिला जेईई अभ्यर्थी का शव, आत्महत्या की आशंका

**कोटा:** राजस्थान के कोटा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय छात्र का शव यहां राजीव गांधी नगर स्थित 'पेइंग गेस्ट' (पीजी) में छत के पंखे से लटका मिला। पुलिस ने छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि छात्र द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। मृतक छात्र की पहचान उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर के रहने वाले आर्यन ओझा के रूप में हुई है। वह इस साल फरवरी से कोटा के एक कोचिंग संस्थान में जेईई की तैयारी कर रहा था और शहर के राजीव गांधी नगर में एक पीजी में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात करीब 10:45 बजे पीजी में रहने वाले अन्य छात्रों ने उसका शव देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) योगेश शर्मा ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि किशोर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं होने के कारण इस आत्मघाती कदम के पीछे की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। डीएसपी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमबीएस अस्प-ताल के शवगृह में रखवाया गया है।

### चंद्रनाथ रथ हत्याकांड : सीबीआई ने बलिया से तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक अन्य आरोपी को बलिया में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बांसडीह के थाना प्रभारी वंश बहादुर सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में सीबीआई ने बुधवार को बांसडीह रोड थानाक्षेत्र के बासुदेवपुर गांव के गोलू सिंह उर्फ टाइगर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बलिया की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने गोलू सिंह को दो दिनों के लिए ट्रांजिट रिमांड पर सीबीआई को सुपुर्द कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में बलिया से अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले नवीन कुमार सिंह और राजकुमार सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि राजकुमार के करीबी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बलिया की एक अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है। गोलू सिंह के अधिवक्ता हरिवंश सिंह ने बताया कि सीबीआई ने उनके मुवक्किल को बृहस्पतिवार को स्थानीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलेश कुमार पांडे की अदालत में पेश करके उसे तीन दिन के लिए ट्रांजिट रिमांड पर देने की अर्जी दाखिल की।

## न्यूज अपडेट

### दिल्ली के होटल में लगी आग में राजस्थान के तीन लोगों की मौत

**जयपुर:** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग लगने की घटना में जान गंवाने वालों में राजस्थान के तीन लोग थे। राजस्थान पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अजमेर के गुलाब बाड़ी निवासी जवरीलाल अग्रवाल (70), उनकी पत्नी कमला अग्रवाल (68) और उनके रिश्तेदार, किशनगढ़ के संगमरमर व्यापारी अशोक पंसारी (64) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ये मालवीय नगर के होटल में ठहरे हुए थे, जहां देर रात आग लग गई। वे दिल्ली एक रिश्तेदार से मिलने गये थे, जो अस्पताल में भर्ती था। पुलिस ने कहा कि कमला अग्रवाल की मौत घटना स्थल पर हुई, जबकि जवरीलाल अग्रवाल का शव होटल में बाद में हुई तलाशी अभियान के दौरान मिला। अशोक पंसारी की भी इस घटना में मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि जवरीलाल अग्रवाल यूको बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि दंपति ने एक जून को ही कमला अग्रवाल का जन्मदिन मनाया था। जवरीलाल अग्रवाल के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। उनका बेटा सचिन अग्रवाल गूगल में अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है जो घटना की सूचना मिलने पर तुरंत भारत लौट आया। उनकी बेटी दीपा अग्रवाल ने रिश्तेदारों को इस त्रासदी की जानकारी दी और तुरंत दिल्ली पहुंच गईं। एक करीबी पड़ोसी और पूर्व सहकर्मी राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि वह अग्रवाल को दशकों से जानते थे और दोनों ने वर्षों तक एक ही बैंक शाखा में काम किया। उन्होंने कहा, जब भी वह यात्रा पर जाते, तो घर की चाबी मुझे देकर घर की देखभाल करने को कहते। इस बार वह बिना कुछ कहे चले गए।

### मां की पिटाई कर रहे बेटे की पिता ने हत्या की

**बांदा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में अजनर थाना क्षेत्र के आनंदपुरा बड़ेरा गांव में बृहस्पतिवार को शराब के नशे में मां की पिटाई कर रहे बेटे की उसके बुजुर्ग पिता ने कथित तौर पर लाठी और पत्थर से वार कर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया है। कुलपहाड़ क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) रविकांत गोंड ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम करीब साढ़े चार बजे अजनर थाना के आनंदपुरा बड़ेरा गांव में भगवत (36) शराब के नशे में अपनी मां रम्भी (80) की पिटाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि बीच–बचाव करने आए भगवत के पिता नन्हें भाई (85) ने पहले बेटे के सिर पर लाठी से और उसके बाद वजनी पत्थर से वार किया, जिससे वह (भगवत) गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने भगवत को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। सीओ ने बताया कि रम्भी के बयान के आधार पर मामला दर्जकर आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि भगवत के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### 'खान सर कोचिंग' के गार्ड हिरासत में, तोड़फोड़ के दौरान फायरिंग करने का आरोप

**पटना:** बिहार पुलिस ने यहां 'खान ग्लोबल स्टडीज (केजीएस) संस्थान' के दो सुरक्षा गार्डों को कथित फायरिंग के आरोप में हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह कार्रवाई एक दिन पहले कोचिंग संस्थान में हुई तोड़फोड़ और पथराव की घटना के बाद की गई है। अधिकारियों के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें दो गार्ड फायरिंग करते हुए दिख रहे हैं। हालांकि, 'पीटीआई–भाषा' इस वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका है। मंगलवार रात 15–20 लोगों ने कथित तौर पर संस्थान में तोड़फोड़ की और परिसर पर पथराव किया था। यह संस्थान चर्चित शिक्षक फैसल खान, जिन्हें 'खान सर' के नाम से जाना जाता है, द्वारा संचालित है। शहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी बयान के अनुसार इस मामले में कदमकुआं थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। बयान में कहा गया, ''जांच के दौरान पुलिस को एक कथित वीडियो मिला, जिसमें दो व्यक्ति हवाई फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के सत्यापन के बाद केजीएस से जुड़े दो गार्डों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।'' पुलिस ने बताया कि 'फायरिंग' में जिन हथियारों का इस्तेमाल किए जाने का संदेह है, उन्हें जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

## सड़क निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शर्मा ने अपने आधिकारिक आवास पर लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि घटिया निर्माण और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के लिए अधिकारियों और अभियंताओं की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। शर्मा ने अधिकारियों को प्रमुख शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच संपर्क सुधारने के लिए सड़क नेटवर्क को मजबूत और विस्तारित करने के निर्देश दिए और प्रभावी निगरानी के साथ समय पर परियोजनाओं को पूरा करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की भी समीक्षा की और प्रमुख मार्गों पर संपर्क सुधारने पर चर्चा की, जिनमें जाल-ोर–झालावाड़, श्रीगंगानगर–कोटपुतली और अजमेर–बांसवाड़ा शामिल हैं। जयपुर की यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की योजनाओं पर भी चर्चा हुई, जिसमें रिंग रोड के उत्तरी हिस्से का विकास शामिल है। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि वर्तमान सरकार के दो साल से अधिक के कार्यकाल में राज्य में 48,748 किलोमीटर लंबी सड़कें विकसित व सुदृढ़ की गई हैं, जिन पर 33,195 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसमें 17,934 किलोमीटर नयी सड़कें और 1,756 गांवों को संपर्क प्रदान करना शामिल है।

### राजस्थान के पूर्वी एवं पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश हुई और आंधी चली

**जयपुर:** राजस्थान के पूर्वी एवं पश्चिमी भागों के कुछ इलाकों में पिछले 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि इस दौरान धूलभरी आंधी भी चली। मौसम विभाग के अनुसार, फलौदी सहित पश्चिमी क्षेत्र के कुछ स्थानों पर रात के समय गर्मी रही। विभाग ने बताया, कोटा जिले के सांगोद में सबसे अधिक 28 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा हुई जबकि बीकानेर में 20 मिमी, कोटा में 3.8 मिमी और डूंगरपुर में 2.5 मिमी बारिश हुई। विभाग के अनुसार, राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जैसलमेर में 43.7 डिग्री, चूरू में 43.2 डिग्री, जैसलमेर में 43 डिग्री, पिलानी में 42.9 डिग्री और फलौदी में 42.8 डिग्री अधिकत तापमान रहा। राज्य के प्रमुख शहरों में अधिकतम तापमान 39 डिग्री से ऊपर रहा तथा जयपुर में यह 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध एक वैचारिक संगठन : नितिन नवीन




**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध एक वैचारिक संगठन है। वह यहां में पार्टी की बिहार इकाई के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के बयान के अनुसार, उन्होंने कहा, 'भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके मजबूत संगठनात्मक ढांचा और समर्पित कार्यकर्ता हैं। पार्टी एक वैचारिक संगठन है जो राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी विशेषता के कारण उसे पूरे देश में व्यापक जनविश्वास प्राप्त हुआ है।' बयान के मुताबिक, बैठक के दौरान नवीन ने संगठन के विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती और आगामी पार्टी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। पार्टी अध्यक्ष ने कहा, 'पदाधिकारियों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों तक सक्रिय रूप से पहुंचानी चाहिए तथा लोगों की समस्याओं को समझने के लिए उनसे निरंतर जुड़े रहना चाहिए, क्योंकि पार्टी का कामकाज सामूहिक नेतृत्व, संगठनात्मक अनुशासन और सतत जनसंपर्क पर आधारित है।' उन्होंने पदाधिकारियों को पार्टी की सदस्यता में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि करने का लक्ष्य दिया तथा इकाइयों को और सशक्त बनाने का आह्वान किया।

## एक पेड़ मां के नामः पांच करोड़ पौधे लगाएगा उत्तर प्रदेश



**लखनऊ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसकी शुरुआत करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में पांच करोड़ पौधे लगाये जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों एवं मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। एक बयान के मुताबिक पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से मुख्य आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके पश्चात राज्य के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों एवं सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

### चार माह में भरे जाएं उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सभी पदः इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**लखनऊ:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार को उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में लंबे समय से रिक्त चल रहे अध्यक्ष और सदस्यों के पदों को चार माह के भीतर भरने के आदेश दिये हैं। न्यायमूर्ति शेखर बी. साराफ तथा न्यायमूर्ति ए के चौधरी की पीठ ने दो जून को 'ह्यूमन यूनिटी मूवमेंट' की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए यह आदेश दिया।

## संभल में दंगा पीड़ित परिवार को 48 साल बाद मिला जमीन का पहला पट्टा



**संभल (उप्र):** संभल जिले में साल 1978 में हुए दंगों के एक पीड़ित परिवार को बृहस्पतिवार को जिला प्रशासन से जमीन के पट्टे का पहला प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। यह उन परिवारों को फिर से बसाने की कोशिशों का हिस्सा है, जो वर्ष 1978 में हुए दंगे के बाद जिला छोड़कर चले गये थे। अधिकारियों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने राम शरण दास रस्तोगी के परिवार को 100 वर्ग मीटर जमीन के पट्टे का प्रमाण पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि रस्तोगी दंगों के बाद भयवश साल 1979 में संभल छोड़कर चले गए थे। अधिकारियों के अनुसार, यह आवंटन संभल के आलम सराय देहात गांव में एक समारोह के दौरान किया गया, जिसमें प्रार्थनाएँ और वैदिक अनुष्ठान भी किये गये। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुरादाबाद के मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार, जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई भी मौजूद थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, संभल में 29 मार्च 1978 को शुरू हुए सांप्रदायिक दंगे में अनेक लोग मारे गए थे और रामशरण दास रस्तोगी भी उन्हीं में शामिल थे। उन्होंने बताया कि दंगाइयों ने उनकी किराने की दुकान लूटने के बाद उसमें आग लगा दी थी और रस्तोगी की चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार करके हत्या करने के बाद उनके शव को कुएं में फेंक दिया था। पट्टा आवंटन प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद मंत्री राठौर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस कदम का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को अपनी जिंदगी फिर से शुरू करने में मदद करना है। उन्होंने कहा, यह दुखद है कि 1978 के दंगों के दौरान 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, उनके घर जला दिए गए और लोगों पर जुल्म किये गये। कई परिवारों को मजबूरन पलायन करना पड़ा।

### पंजाब से बिहार भेजी गई 14,500 लीटर से अधिक अवैध बियर पुलिस ने जब्त की

**चंदौली (उप्र):** उत्तर प्रदेश पुलिस ने चंदौली जिले में कथित तौर पर पंजाब से बिहार ले जाई जा रही 14,520 लीटर बियर की अवैध खेप जब्त की है और दो संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि खेप ले जा रहे ट्रक को चंदौली में राष्ट्रीय राजमार्ग–19 पर रोका गया, जिससे पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार से जुड़े एक अंतरराज्यीय तस्करी मार्ग का खुलासा हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक (सदर) अनंत चंद्रशेखर ने कहा कि पुलिस माधोपुर क्षेत्र में नवीन मंडी के पास वाहनों की जांच कर रही थी, तभी उसे बिहार की ओर अवैध बीयर ले जा रहे एक ट्रक के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया कि राजमार्ग के पास ट्रक को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई, जिसके बाद भूसी के नीचे छुपाए गए पंजाब में निर्मित ब्रांडेड बीयर के 29,040 डिब्बे वाले 1,210 कार्टन बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि जब्त बियर की कीमत करीब 61 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मूला राम (28) और हितेंद्र कुमार (25) के रूप में हुई है जो राजस्थान के निवासी हैं।

## वायु प्रदूषण के खिलाफ शुरू हुआ 'वायु मित्र' अभियान, डॉक्टर सूर्यकांत बने राष्ट्रीय संयोजक



**लखनऊ:** देश में बढ़ते वायु प्रदूषण और उससे उत्पन्न गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'वायु मित्र अभियान' शुरु किया गया है और लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के 'रेस्पिरेटरी मेडिसिन' विभाग के प्रमुख डॉक्टर सूर्यकांत को इस अभियान का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है। 'लंग केयर फाउंडेशन' ने यह अभियान शुरू किया है। उसके संस्थापक न्यासी डॉक्टर अरविंद कुमार ने बुधवार को डॉक्टर सूर्यकांत को इस मुहिम का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया है। सूर्यकांत ने बताया कि यह अभियान स्वच्छ वायु को प्रत्येक नागरिक का अधिकार मानते हुए जनभागीदारी, जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन तथा नीति समर्थन के माध्यम से 'स्वच्छ वायु–स्वस्थ जीवन' के लक्ष्य को साकार करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वायु प्रदूषण प्रतिवर्ष दुनिया में लगभग 70 लाख और भारत में 20 लाख मौतों का कारण बनता है तथा भारत के कई शहर विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं, जहां पीएम2.5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कणों का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। सूर्यकांत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अनेक शहर भी इस चुनौती का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य आपदा है। उन्होंने कहा कि वायु मित्र अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को स्वच्छ वायु और स्वस्थ पर्यावरण के लिए जागरूक बनाना है तथा यह अभियान लोगों को सीखने और सिखाने, अपने विचार साझा करने एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को घर–घर तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है।

## पर्यटन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण और रोजगार सृजन से जोड़कर आगे बढ़ाएं : मुख्यमंत्री



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि पर्यटन विकास को केवल आधारभूत संरचना निर्माण तक सीमित न रखकर उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़ते हुए आगे बढ़ाया जाना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नयी गति देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के माध्यम से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान, संस्कृति और सेवा क्षेत्र को भी व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। आदित्यनाथ ने कहा कि पर्यटन नीति ऐसी होनी चाहिए जो निवेश आकर्षित करे, रोजगार के अवसर बढ़ाए और पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करे। उन्होंने पर्यटन नीति–2022 में प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा करते हुए उत्तर प्रदेश को निवेश, नवाचार और अनुभव–आधारित पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े 'ज्ञान भारतम् मिशन' की समीक्षा करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियां हमारी सभ्यता, दर्शन, विज्ञान और सांस्कृतिक चेतना की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि इनका संरक्षण और डिजिटलीकरण केवल अभिलेखीकरण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी माध्यम है। बयान के अनुसार, बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट और बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट के रूप में नए पर्यटन क्षेत्रों के विकास पर भी चर्चा की गई।

### बिहार को मिला सरकारी भवनों के सौर ऊर्जाकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय सम्मान

**पटना:** प्रधानमंत्री (पीएम) सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सरकारी भवनों खासकर जिला पदाधिकारियों के कार्यालयों एवं आवासों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणालियों की स्थापना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बिहार को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम ''पीएम सूर्य घर के दो वर्ष : एक करोड़ छतों तक सौर ऊर्जा का विस्तार' के दौरान बिहार को 'सूर्य संकल्प' पहल के अंतर्गत जिला पदाधिकारियों के कार्यालयों एवं आवासों पर सौर ऊर्जा प्रणालियां स्थापित करने के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।

## बिहार के पुलों का नियमित सुरक्षा ऑडिट और निरीक्षण सुनिश्चित करें अधिकारी: सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलों का विशेषज्ञों के माध्यम से नियमित सुरक्षा ऑडिट (सेफ्टी ऑडिट) और निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के बयान के अनुसार, चौधरी ने कहा कि सड़क और पुल निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''लोगों को सुरक्षित, सुगम और उच्च गुणवत्ता वाला सड़क संपर्क उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।' मुख्यमंत्री ने सड़क एवं पुल निर्माण तथा उनके रखरखाव के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जानी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने मुंगेर–बड़ियारपुर–घोरघाट–सुल्तानगंज–भागलपुर–सबौर फोरलेन गंगा पथ परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। यह परियोजना 'हाइब्रिड एन्युटी मॉडल' (एचएएम) के तहत क्रियान्वित की जाएगी। चौधरी ने कहा कि इस परियोजना से पूर्वी बिहार में संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### 'इंडिया' गठबंधन की बैठक से दूरी बना सकती है द्रमुक

**नयी दिल्ली:** द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अगले सप्ताह होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की बैठक से दूरी बना सकती है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की बैठक यहां आठ जून को बुलाई गई है। सूत्रों का कहना है कि द्रमुक के इस बैठक में शामिल होने की संभावना नहीं है और इसकी प्रमुख वजह कांग्रेस का द्रमुक से अलग होना है। पिछले महीने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने द्रमुक से अलग होकर सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) से गठबंधन कर लिया था। इस बैठक में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सहित लगभग 15 विपक्षी पार्टियां शामिल होंगी। 'इंडिया' गठबंधन के वरिष्ठ नेता भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का मुकाबला करने और विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए अपनी साझा रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### असम मंत्रिपरिषद विस्तार: पांच जून को 12 मंत्री शपथ लेंगे

**गुवाहाटी:** असम मंत्रिपरिषद का शुक्रवार को विस्तार किया जाएगा जिसमें तीन नए चेहरों सहित 12 मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह घोषणा की। नए चेहरों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अश्विनी रे सरकार, नीलिमा देवी और सुशांत बोरगोहेन शामिल हैं। असम गण परिषद (अगप) के केशव महंत को भी मंत्रियों की सूची में शामिल किया गया है। वह पिछली राजग सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। पिछली विधानसभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी का नाम भी नए मंत्रियों की सूची में शामिल है। शेष लोग शर्मा की पहली मंत्रिपरिषद में शामिल थे और वे भाजपा के नेता हैं। इनमें अशोक सिंघल, रनोज पेगु, बिमल बोरा, जयंत मल्ला बरुआ, कौशिक राय, कृष्णेंदु पॉल और पीयूष हजारिका के नाम हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि असम विधानसभा के निम्नलिखित माननीय सदस्य पांच जून 2026 को अपराह्न 12:45 बजे असम सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेंगे।'

### शिमला में आंधी और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त; बारिश का दौर 10 जून तक जारी रहने की संभावना

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में बृहस्पतिवार दोपहर को बिजली, ओलावृष्टि और भारी बारिश के साथ आए भीषण तूफान से आसपास के इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तूफान के कारण लोग घरों के अंदर ही रहे और वाहनों की धीमी गति के कारण यातायात जाम हो गया। मौसम विभाग के अनुसार, शिमला में एक घंटे के भीतर 32.8 मिमी बारिश हुई। बुधवार शाम से पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बिजाही में 25 मिमी, उसके बाद सुंदरनगर में 19.6 मिमी, कुफरी में 13 मिमी, खदराला में सात मिमी, सोलन में छह मिमी, जोत में पांच मिमी, मनाली में चार मिमी, कोटखाई में 3.3 मिमी, भाभानगर में 1.6 मिमी और शिलारू में 1.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार के लिए कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि, गरज, बिजली और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

### महाराष्ट्र में 948 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद लापता लड़की सुरक्षित मिली

**ठाणे:** ठाणे की मुंब्रा पुलिस ने सात वर्षीय लापता बच्ची का पता लगाने के लिए 948 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके बाद वह बदलापुर में सुरक्षित मिल गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बच्ची कथित तौर पर घर में हो रहे दुर्व्यवहार से बचने के लिए भाग गई थी। पुलिस उपायुक्त (ज़ोन-1) बालासाहेब पाटिल ने बताया कि दिवा इलाके की रहने वाली यह बच्ची 28 मई की शाम को लापता हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर छह विशेष टीमें गठित करते हुए बड़े स्तर पर तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि बच्ची लापता होने के अगले ही दिन पड़ोस में लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखाई दी। इसके बाद 67 कैमरों की फुटेज की जांच के जरिए उसका दिवा रेलवे स्टेशन पर होना पता चला, जहां से वह एक अज्ञात व्यक्ति के साथ लोकल ट्रेन में सवार हुई थी।

# मालवीय नगर अग्निकांड के बाद दहशत का माहौल; होटल बंद, अतिथि रवाना

**नयी दिल्ली:** मालवीय नगर में अग्निकांड में 21 लोगों की मौत के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को दक्षिण दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड पर स्थित होटल और गेस्ट हाउस खाली होने लगे हैं। विदेशी नागरिकों समेत अन्य अतिथियों ने भोजन और बिजली की व्यवस्था न होने का हवाला देते हुए कमरों को खाली करना शुरू कर दिया है। इलाके में भय और अनिश्चितता के माहौल के बीच कुछ मकान मालिकों और होटल मालिकों ने उनके यहां ठहरे हुए लोगों से कमरे खाली करने को कहा है। कभी चौबीसों घंटे चहल-पहल वाला यह इलाका अब काफी शांत नजर आ रहा है। फ्लोरिस्ट स्टे (जहां आग लगी) समेत फ्लोरिस्ट इन और ग्रीन रेजिडेंसी का मालिक लवकेश बजाज ही है। ये तीनों प्रतिष्ठान बृहस्पतिवार को बंद रहे और कई अतिथि अपना सामान समेटकर वहां से चले गए। इन्हीं में से एक कांगो गणराज्य के नागरिक जिलबर्ट थे, जो फ्लोरिस्ट इन में ठहरे हुए थे। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''कल से खाने की कोई व्यवस्था नहीं है और बिजली भी नहीं है। हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए हम यहां से जा रहे हैं। अब रहने के लिए कोई दूसरी जगह तलाशेंगे।' लंबे समय से इलाके के एक गेस्ट हाउस में रह रहे एक अन्य विदेशी नागरिक बिलुंगा मुकासा ने कहा कि इस हादसे ने लोगों को डरा दिया है। उन्होंने कहा, 'घटना के बाद लोग सहमे हुए हैं। कई मेहमान यहां से जा रहे हैं और कुछ दूसरे स्थानों पर ठहरने की व्यवस्था तलाश रहे हैं क्योंकि अब उन्हें यहां रहना सुरक्षित नहीं लग रहा।' चिकित्सा उपचार के लिए दिल्ली आई उज्बेकिस्तान की एक महिला ने बताया कि घटना के बाद उनके गेस्ट हाउस में रहने वाले लोगों को परिसर खाली करने के लिए कहा गया है। इलाके में स्थित कई होटल भी बंद पाए गए। करीब 40 वर्षों से इस क्षेत्र में रह रही एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि पिछले एक दशक में गेस्ट हाउस और मुसाफिरखानों (इन) की बढ़ती संख्या के कारण इलाके का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। उन्होंने कहा, ''ग्रीन रेजिडेंसी में आमतौर पर काफी चहल-पहल रहती है, लेकिन आज वह बंद है। गेस्ट हाउस और मुसाफिरखानों की यह संस्कृति पिछले लगभग 10 वर्षों में ही शुरू हुई है। इससे पहले यह मुख्य रूप से आवासीय क्षेत्र हुआ करता था।''



### होटल मालिक ने पुलिस से कहा, 'दिल्ली में सब चलता है'

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में बुधवार को जिस होटल में भीषण आग लग गई थी, उसके मालिक ने नियमों के घोर उल्लंघन के बारे में पूछे जाने पर पुलिस से कहा कि ''दिल्ली में सब चलता है।'' अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि पूछताछ में उसने जरा भी पश्चाताप नहीं दिखाया, यहां तक कि आग लगने के बाद बचाव अभियान के दौरान जलती हुई इमारत के पास से वह बिना रुके अपनी गाड़ी से निकल गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी लवकेश बजाज पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं कर रहा है। दक्षिण दिल्ली के हौज रानी इलाके में स्थित फ्लोरिश स्टे बीएंडबी में भीषण आग लगने की घटना के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था।

### मैक्स अस्पताल में भर्ती अग्निकांड के 15 मरीजों में से 13 विदेशी

साकेत स्थित मैक्स अस्पताल ने बृहस्पतिवार को बताया कि हौज रानी इलाके के एक होटल में लगी आग में घायल हुए 15 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं तथा इनमें 13 विदेशी नागरिक हैं। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि छह मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं और सभी की हालत स्थिर है तथा उनमें सुधार के लक्षण दिख रहे हैं। अस्पताल ने कहा कि नौ मरीज गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) और वार्डों में भर्ती हैं तथा सभी भर्ती मरीजों की समग्र स्थिति स्थिर बनी हुई है। बयान के अनुसार, एक मरीज को आज छुट्टी मिलने की उम्मीद है।

### मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देगी दिल्ली सरकार

अग्निकांड में जान गंवाने वाले मृतक के परिजनों को 10. 10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यह जानकारी दी। सीएमओ के एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन मृतकों के परिजन अन्य राज्यों या विदेशों में रहते हैं, उनके पार्थिव शरीरों को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तुरंत की जाएं।

## गुजरात में अवैध रूप से रहने के आरोप में दो दिनों में 501 बांग्लादेशी पकड़े गए



**अहमदाबाद:** पुलिस ने पिछले दो दिनों में 'ऑपरेशन डेल्टा हंट' के तहत देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में गुजरात के विभिन्न हिस्सों से कुल 501 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को पुष्टि की कि यह कार्रवाई बुधवार तड़के शुरू हुई। इसमें कहा गया है कि इस अभियान के तहत अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों से कुल 501 अवैध बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया है। गृह मंत्रालय का प्रभार संभालने वाली संघवी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गुजरात पुलिस का संदेश स्पष्ट है: अवैध घुसपैठ का एकमात्र जवाब कठोर कार्रवाई है। संघवी ने बुधवार को गांधीनगर में पत्रकारों को बताया कि 'ऑपरेशन डेल्टा हंट' के तहत की गई कार्रवाई की सुनियोजित योजना बनाई गई थी और इसमें राज्य के सभी हिस्से शामिल थे। उन्होंने कहा था कि अवैध प्रवासी के रूप में सत्यापित होने के बाद हिरासत में लिए गए लोगों के अलावा 6,200 से अधिक व्यक्तियों की पृष्ठभूमि की जांच की जा रही थी। संघवी के अनुसार, एक समर्पित पुलिस टीम उन लोगों के खिलाफ भी जांच कर रही थी जिन्होंने इन प्रवासियों को रहने की जगह दी या अनिवार्य पुलिस सत्यापन के बिना उन्हें काम पर रखा। संघवी ने बताया कि पुलिस की कई टीम ने अथक परिश्रम किया और अवैध प्रवासियों को खोजने के लिए तकनीकी निगरानी के साथ-साथ मानवीय खुफिया जानकारी का उपयोग करते हुए एक व्यापक रणनीति अपनाई। उन्होंने कहा कि अधिकांश अवैध बांग्लादेशी नागरिक श्रम आधारित कार्यों में लगे हुए थे और इनकी सबसे अधिक संख्या अहमदाबाद, सूरत, राजकोट, वडोदरा और भरूच में पाई गई।

## ब्रिटेन की विदेश मंत्री कूपर ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर के साथ बैठक के दौरान इस बात पर जोर दिया कि 'भारत-ब्रिटेन विजन 2035' वैश्विक भलाई के लिए दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों को मजबूत करेगा। बैठक के बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हाल के दिनों में भारत-ब्रिटेन साझेदारी के मजबूत होने से दोनों देशों के लिए विकास के अवसर खुले हैं। कूपर बुधवार को भारत पहुंची थीं। मोदी ने कहा, ''ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर से मिलकर खुशी हुई। हाल के समय में भारत-ब्रिटेन साझेदारी में आई मजबूती की सराहना करता हूं, जिसने हमारे दोनों देशों के लिए विकास के अवसर खोले हैं। 'भारत-ब्रिटेन विजन 2035' हमारी साझेदारी का मार्गदर्शन करता रहेगा और वैश्विक भलाई के लिए हमारे संयुक्त प्रयासों को मजबूत करेगा।'' उन्होंने अपनी पोस्ट में बैठक की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। ब्रिटेन की विदेश मंत्री ने बृहस्पतिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी बातचीत की।

## मिजोरम: म्यांमा सीमा पर ईडी की छापेमारी, 970 करोड़ रुपये का सुपारी तस्करी रैकेट उजागर

**नयी दिल्ली/आइजोल:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को सीमा पार म्यांमा से होने वाली सुपारी की तस्करी और उससे जुड़े 970 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले की जांच के तहत मिजोरम में म्यांमा सीमा से लगे कई स्थानों पर छापे मारे। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती शहर चंफई में इस कथित तस्करी नेटवर्क के स्थानीय मददगारों के नौ परिसरों पर छापेमारी की गई। ईडी ने एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी (एफआईआर) के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामले के बाद की गई है। सीबीआई की यह प्राथमिकी चंफई के रास्ते म्यांमा से भारत में अवैध रूप से आयात की जाने वाली सूखी सुपारी की बड़े पैमाने पर तस्करी के आरोपों पर दर्ज की गई थी। जांच एजेंसी ने बताया कि सीबीआई की प्राथमिकी गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा जुलाई 2024 में इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई के दौरान दिए गए आदेश के आधार पर दर्ज की गई थी। ईडी के अनुसार, साल 2013 से 2025 के बीच (पिछले 13 वर्षों के दौरान) इस तस्करी नेटवर्क के जरिए अवैध रूप से 970 करोड़ रुपये की काली कमाई जुटाई गई। आरोप है कि म्यांमा के नागरिकों ने जोखावथर और चंफई में बिना सीमा शुल्क मंजूरी के तिउ नदी के रास्ते सूखी सुपारी (जिसे बर्मी सुपारी भी कहा जाता है) की भारत में तस्करी की और सीमा पर स्थानीय मददगारों को खेप सौंप दी। बयान में कहा गया, स्थानीय मददगार इन तस्करी की गई सुपारियों को चंफई के गोदामों में जमा करते थे और असम-मिजोरम सीमा पर स्थित वैरेंगते तक उनके परिवहन की व्यवस्था करते थे। इस पूरे नेटवर्क का वित्तपोषण सिलचर (असम) के व्यापारियों और फाइनेंसरों द्वारा किया जाता था, जो बैंकिंग के माध्यम से मिजोरम के मददगारों के खातों में बड़ी रकम भेजते थे। एजेंसी के मुताबिक, म्यांमा के आपूर्तिकर्ताओं को भारतीय मुद्रा में भुगतान किया जाता था, जिसे बाद में सीमा के पास कुछ लोगों की मदद से म्यांमा की मुद्रा में बदल दिया जाता था। ईडी की जांच में सामने आया कि साल 2021 से 2024 के दौरान चंफई जिले में सुपारी की आवाजाही के लिए फर्जी बागान प्रमाण पत्र और झूठे सीमा शुल्क मंजूरी दस्तावेजों का उपयोग करके 251.19 करोड़ रुपये (एसजीएसटी) और 86.25 करोड़ रुपये (सीजीएसटी) के ई-वे बिल फर्जी तरीके से जारी किए गए थे, जबकि वे बागान मालिक जीएसटी के तहत पंजीकृत भी नहीं थे। ईडी ने आरोप लगाया कि स्थानीय मददगारों को सुपारी की खरीद, परिवहन, सुरक्षा और सीमा शुल्क से छुड़ाने जैसी गतिविधियों के लिए 2 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम तक का कमीशन मिलता था।

## मोदी आज गुजरात व दमन के दौरे पर रहेंगे; कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को गुजरात और दमन का दौरा करेंगे और करीब 22,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सूरत में एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे। परियोजनाओं में सूरत में 200 बिस्तरों वाले ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन और दमन के नमो हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं कल (पांच जून) गुजरात के सूरत और दमन में लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उपस्थित रहूंगा। इन दोनों कार्यक्रमों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया जाएगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि दमन में प्रमुख कार्यक्रमों में हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन शामिल है, जिससे कनेक्टिविटी में सुधार होगा। उन्होंने कहा, ''नमो अस्पताल लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा। 'दमन कन्वेंशन सेंटर' और एनआईएफटी परिसर जैसी परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी।'' एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री पांच जून को सूरत जिले के हजीरा का दौरा करेंगे और वहां बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वह सूरत में करीब 18,800 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे और इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के पैकेज छह और सात का भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मोदी सूरत में 200 बिस्तर वाले ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। फिर प्रधानमंत्री दमन जाएंगे, जहां नमो हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन और नमो अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कुछ अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

## पंजाब में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम की गई, दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) एसएएस नगर (मोहाली) ने सीमा पार आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए विदेश स्थित एक आतंकवादी के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से पूरी तरह से तैयार आरडीएक्स आधारित संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद कर एक आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए लोगों में अमृतसर के गुज्जरपुरा निवासी मणि सिंह (32) और अमृतसर के गिलवाली गेट निवासी अभिषेक कुमार (28) शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि बरामद किया गया लगभग 2.5 किलोग्राम आईईडी पूरी तरह से इस्तेमाल के लिए तैयार था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस अभियान ने एसएएस नगर में महत्वपूर्ण सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की एक घृणित साजिश को विफल कर दिया और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरे की आशंका को टाल दिया। डीजीपी ने कहा कि इस साजिश में शामिल आतंकवादियों, सहयोगियों और कड़ियों सहित पूरे आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए जांच जारी है।

## भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की घोषणा की, बिट्टू और कुरियन सूची में शामिल नहीं

**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पांच राज्यों में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को 11 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने अपने राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को मध्यप्रदेश में और सतीश पूनिया को राजस्थान में चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन के नाम सूची में शामिल नहीं हैं। बिट्टू राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं, जबकि कुरियन संसद के उच्च सदन में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। दोनों का राज्यसभा कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है। इन दोनों मंत्रियों को दोबारा नामांकित न किए जाने और हर्ष मल्होत्रा को हाल में दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का राज्यसभा कार्यकाल भी नवंबर में समाप्त हो रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुघ पंजाब से ताल्लुक रखते हैं और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में पार्टी से जुड़े मामलों के प्रभारी हैं। वहीं, राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष पूनिया पार्टी के हरियाणा मामलों के प्रभारी हैं। उन्हें 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। उम्मीदवारों की सूची जारी करने वाली भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने ओडिशा में राज्यसभा चुनाव के लिए देबाशीष सामंतराय को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सामंतराय हाल में बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया था। सूची के मुताबिक, राज्यसभा चुनाव में राजुभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मानसिंह परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजरिया गुजरात से पार्टी के उम्मीदवार होंगे, जबकि रजनीश अग्रवाल मध्यप्रदेश से मैदान में उतरेंगे। सूची के अनुसार, भाजपा की राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली मामलों की प्रभारी अलका गुर्जर राजस्थान में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा चुनाव लड़ेंगी।

# शाह ने एनईसी के पूर्ण अधिवेशन की अध्यक्षता की, नेताओं ने 'उत्तर-पूर्वी विजन प्लान 2047' पर चर्चा की




**शिलांग:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को उत्तर पूर्वी परिषद की 73वीं पूर्ण बैठक की अध्यक्षता की, जहां आठ पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं ने मजबूत एवं अधिक समृद्ध क्षेत्र की दिशा में काम करने का संकल्प लिया और 'उत्तर पूर्वी विजन प्लान 2047' पर विचार-विमर्श किया। उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) की पूर्ण बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। एनईसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पूर्ण बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया, राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक हुई।' इसने कहा कि सभी नेताओं ने क्षेत्र की प्रगति, कनेक्टिविटी और समृद्धि के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बैठक के बारे में शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैंने उत्तर पूर्वी परिषद की 73वीं पूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर में हिंसा के युग का अंत किया और इस क्षेत्र को विवादों के गढ़ से अवसरों के गढ़ में बदल दिया।' उन्होंने कहा कि वर्तमान में, एनईसी क्षेत्र के विकास के लिए रणनीतिक योजना बनाने वाली संस्था के रूप में कार्य कर रही है, साथ ही लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और संस्कृति को बढ़ावा देने का काम भी कर रही है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री सिंधिया ने कहा कि सभी नेता एक 'मजबूत और अधिक समृद्ध पूर्वोत्तर' के निर्माण के अपने संकल्प में एकजुट हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी अष्टलक्ष्मी प्रगति एवं विकास के एक नए युग की दहलीज पर खड़ी है। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) की 73वीं पूर्ण बैठक में, हमने 2047 तक एक विकसित पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने के अपने सामूहिक संकल्प की पुष्टि की।'' सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर भारत विकास के एक शक्तिशाली इंजन के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, ''अब हम मिलकर दूरदृष्टि से रणनीतिक क्रियान्वयन की ओर बढ़ रहे हैं, एक साझा रोडमैप को आगे बढ़ा रहे हैं जो दक्षिण-पूर्वी एशिया के लिए भारत के प्रवेश द्वार और विकसित भारत के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में इस क्षेत्र की स्थिति को मजबूत करेगा।'' बैठक से इतर पत्रकारों के साथ बातचीत में सिंधिया ने कहा कि शाह ने अगले 12 महीनों में पूर्वोत्तर के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने कहा, 'अब हम उनके मार्गदर्शन के अनुसार कार्यक्रमों और विभिन्न पहल को लागू करना शुरू करेंगे।'

### पूर्वोत्तर में उग्रवाद अब कोई बड़ा मुद्दा नहीं

**शिलांग:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में उग्रवाद अब कोई बड़ा मुद्दा नहीं रह गया है। उन्होंने क्षेत्र की राज्य सरकारों से कानून-व्यवस्था तक सीमित रहने के बजाय नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा तथा उभरती प्रौद्योगिकियों और नए आर्थिक क्षेत्रों के माध्यम से विकास को गति देने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। यहां उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) के 73वीं पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव आया है, जहां अशांति की जगह शांति ने ले ली है और विकास और निवेश के नए रास्ते खुल गए हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पूर्वोत्तर में उग्रवाद अब कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। राज्य सरकारों का ध्यान अब केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित न रहकर नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा और यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित होना चाहिए कि विकास का लाभ हर घर तक पहुंचें। केंद्रीय गृह मंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी प्रौद्योगिकियों के लिए बुनियादी ढांचा और अनुकूल तंत्र विकसित कर भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

# अग्निवीर योजना के खिलाफ है कांग्रेस, उसे रद्द करेगी : राहुल गांधी



**देहरादून:** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर अग्निवीर योजना लागू कर सरकार और सैनिक के बीच भरोसे का 'अलिखित करार' तोड़ने का आरोप लगाया एवं कहा कि कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ है और वह इसे रद्द कर देगी। पौड़ी में पूर्व सैनिकों को 'डिजिटल' माध्यम से संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि सैनिक देश की रक्षा का वादा करता है और बदले में उसके चोटिल या शहीद होने की स्थिति में सरकार उसके परिवार की सुरक्षा का वादा करती है। उन्होंने कहा कि लेकिन भाजपा ने अग्निवीर योजना लागू कर इस 'अलिखित करार' को तोड़ा है। उन्होंने कहा, ''अग्निवीर योजना कहती है कि आप हमें चार साल दीजिए लेकिन अगर आप शहीद हो गए तो देश आपके परिवार को कोई सुरक्षा नहीं देगा। यह सुरक्षा बलों की नींव के खिलाफ है।'' कांग्रेस पार्टी को अग्निवीर योजना के खिलाफ बताते हुए गांधी ने कहा, ''करोड़ों युवा सेना में जाने और उसकी रक्षा करने का सपना देखते हैं। हम चाहते हैं कि अग्निवीरों की सुरक्षा हो, उनके परिवार की सुरक्षा हो और उनका भविष्य सुरक्षित हो। इसलिए हमने साफ कहा है कि हम अग्निवीर योजना को रद्द कर देंगे।'' अदाणी को अग्निवीर योजना लाए जाने का कारण बताते हुए गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि पूरा रक्षा बजट सेना के जवानों के भविष्य और सुरक्षा पर खर्च करने की बजाय अदाणी जैसे अरबपतियों की जेब में जाए। इस संबंध में, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने रक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की एचएएल, एनएएल और बीएचईएल जैसी कंपनियों को एक-एक कर खत्म या कमजोर कर दिया और 'सारे रक्षा सौदे' अदाणी या उनके जैसे दो-तीन अरबपतियों को दे दिए। प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए गांधी ने कहा कि वह खुद को देशभक्त बताते हैं और सीमा पर जवानों के साथ दीवाली मनाते हैं लेकिन 'जब उन्हें जरूरत होती है तो उन्हें अग्निवीर देते हैं और उनकी दिव्यांगता पेंशन छीन लेते हैं। गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए सेना और सरकार का रिश्ता बहुत पवित्र है तथा उस रिश्ते का वह सम्मान करती है और आगे भी करती रहेगी।

## दिल्ली में सोना 700 रुपये मजबूत, चांदी 3,800 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बुधवार को सोना 1,59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। हालांकि, चांदी की कीमत में भारी गिरावट आई और यह 3,800 रुपये घटकर 2,65,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,69,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोने की कीमत लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,471.79 डॉलर प्रति औंस रही जबकि चांदी 1.14 प्रतिशत बढ़कर 73.56 डॉलर प्रति औंस पर पर पहुंच गई।

## इंडिगो ने छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कीं

**मुंबई :** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने हांगकांग और क्राबी समेत छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपनी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि वह एक जुलाई से लंगकावी, क्राबी, हो ची मिन्ह, हांगकांग और शंघाई के लिए सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करेगी, जबकि सिएम रीप के लिए सेवाएं तीन जुलाई से 30 सितंबर तक निलंबित रहेंगी। कंपनी ने कहा कि यह निर्णय आगामी तिमाही में पारंपरिक रूप से कमजोर मांग और उच्च लागत वाले चुनौतीपूर्ण परिचालन माहौल को देखते हुए लिया गया है। इंडिगो ने कहा कि वह इन प्रभावित सेवाओं के लिए बुकिंग एक अक्टूबर से फिर से शुरू करेगी, बशर्ते परिस्थितियां बेहतर हों। हालांकि, कंपनी ने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं को तय समय से पहले भी बहाल किया जा सकता है। एयरलाइन ने यह भी बताया कि इस पुनर्संयोजन के बावजूद उसने अपनी अधिकांश अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बनाए रखा है और वर्तमान में वह प्रति सप्ताह 1,800 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित कर रही है।

# भारत अगले छह महीने में दो से तीन एफटीए लागू करेगा: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अगले छह महीनों में कम से कम दो से तीन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू करेगा, जबकि 2027 में ऐसे तीन से चार और समझौते लागू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारत ने नौ एफटीए को अंतिम रूप दिया है जिनमें मॉरीशस, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, ओमान, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ समझौते शामिल हैं। मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात,



ऑस्ट्रेलिया, ओमान और ईएफटीए संघ के साथ व्यापार समझौते पहले ही लागू हो चुके हैं। ब्रिटेन और न्यूजीलैंड के साथ अलग-अलग समझौते पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। गोयल ने कहा, '' एक जून को ओमान-एफटीए लागू हुआ। आने वाले छह महीनों में आप कम से कम दो या तीन और बहुत महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते लागू होते देखेंगे। अगले एक वर्ष में आप देखेंगे कि हम कम से कम तीन या चार और महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौतों को लागू कर रहे होंगे। अगले नौ से 10 महीनों में सभी नौ मुक्त व्यापार समझौते लागू हो जाएंगे। '' उन्होंने उद्योग जगत से दीर्घकालिक पूंजी निवेश करने का भी आग्रह किया और कहा कि शुरुआती पूंजी को निश्चित रूप से बेहतर रिटर्न मिलेगा। मंत्री ने मुंबई में आयोजित 'सिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026' को ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही। पश्चिम एशिया संकट पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया ने देखा है कि भारत ने पिछले कुछ महीनों के वैश्विक संकट का किस तरह सामना किया है। जब दुनिया गंभीर मुद्रास्फीति का सामना कर रही है, भारत उसे नियंत्रित करने में सक्षम रहा है। मंत्री ने कहा, जब दुनिया संकट से आशंकित थी, खासकर खाड़ी क्षेत्र पर हमारी निर्भरता और वहां से आने वाली ऊर्जा जो होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है...वह प्रभावित हो रही थी, तब भारत ने पहले ही ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

# इंडिगो ने छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कीं

**नयी दिल्ली :** मुंबई : देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने हांगकांग और क्राबी समेत छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपनी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि वह एक जुलाई से लंगकावी, क्राबी, हो ची मिन्ह, हांगकांग और शंघाई के लिए सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करेगी, जबकि सिएम रीप के लिए सेवाएं तीन जुलाई से 30 सितंबर तक निलंबित रहेंगी। कंपनी ने कहा कि यह निर्णय आगामी तिमाही में पारंपरिक रूप से कमजोर मांग और उच्च लागत वाले



चुनौतीपूर्ण परिचालन माहौल को देखते हुए लिया गया है। इंडिगो ने कहा कि वह इन प्रभावित सेवाओं के लिए बुकिंग एक अक्टूबर से फिर से शुरू करेगी, बशर्ते परिस्थितियां बेहतर हों। हालांकि, कंपनी ने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं को तय समय से पहले भी बहाल किया जा सकता है। एयरलाइन ने यह भी बताया कि इस पुनर्संयोजन के बावजूद उसने अपनी अधिकांश अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बनाए रखा है और वर्तमान में वह प्रति सप्ताह 1,800 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित कर रही है। बयान में कहा गया कि ये बदलाव मौजूदा बाजार परिस्थितियों और मांग प्रवृत्तियों के अनुरूप क्षमता को समायोजित करने के लिए किए गए हैं, ताकि वैश्विक गंतव्यों पर परिचालन की विश्वसनीयता और नेटवर्क की स्थिरता बनी रहे।

## भारत-अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की प्रतिबद्धता जताई

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, जो द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेगा। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों की एक से चार जून तक चली बातचीत के समापन के बाद यह बयान जारी किया गया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, बातचीत सहयोग और व्यावहारिकता की भावना के साथ हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने वाले समझौते को जल्द अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता दोहराई। बयान के मुताबिक, दोनों देशों के व्यापार दलों ने वस्तु व्यापार, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क, व्यापार सुगमता, आर्थिक सुरक्षा समन्वय और आपसी हित के अन्य मुद्दों पर रचनात्मक एवं सकारात्मक चर्चा की। अमेरिकी पक्ष का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच ने किया जबकि भारतीय पक्ष की अगुवाई वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव एवं वार्ताकार दर्पण जैन ने की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश पहले चरण के द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की रूपरेखा को अंतिम रूप दे चुके हैं और अब अंतरिम व्यापार समझौते एवं व्यापक बीटीए की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इससे पहले कहा था कि पहले चरण के समझौते के अधिकांश बिंदुओं पर सहमति बन चुकी है और अब कुछ 'छोटे मुद्दों' पर ही चर्चा चल रही है। भारत एवं अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान में अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा तय करने की घोषणा की थी। इसमें अमेरिका ने भारत पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी और रूसी तेल खरीद से जुड़े 25 प्रतिशत शुल्क को भी हटा दिया था। बाकी शुल्क को भी घटाकर 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि, 20 फरवरी को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी सीमा शुल्कों को खारिज कर दिया।

## देश में डिजिटल वीडियो खपत का शहरी-ग्रामीण अंतर लगभग खत्म, शॉर्ट वीडियो बने पसंदः रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत में ऑनलाइन वीडियो देखने के मामले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बीच का अंतर लगभग खत्म हो गया है जबकि छोटे वीडियो परोसने वाले मंच अब सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं रहकर उपभोक्ता खरीद निर्णयों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारक बन गए हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सऐप का संचालन करने वाली कंपनी मेटा द्वारा कराए गए एक अध्ययन के अनुसार, इसके मंचों पर दैनिक वीडियो व्यस्तता शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग समान स्तर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में 98 प्रतिशत और ग्रामीण भारत में 94 प्रतिशत उपयोगकर्ता प्रतिदिन वीडियो कंटेंट से जुड़ रहे हैं, जो दोनों क्षेत्रों के बीच लगभग समान डिजिटल उपभोग को दर्शाता है। कुल मिलाकर देश में 97 प्रतिशत उपयोगकर्ता प्रतिदिन वीडियो देखते हैं। अध्ययन में कहा गया है कि शॉर्ट-फॉर्म वीडियो प्लेटफॉर्म अब उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे डिजिटल कंटेंट का दायरा केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है। यह अध्ययन 23 शहरों में 4,000 से अधिक लोगों पर किया गया, जिसमें महानगरों के साथ-साथ मझोले और छोटे शहर और ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि शॉर्ट वीडियो को केवल मनोरंजन का माध्यम मानने की धारणा अब बदल रही है और लोग पर वीडियो देखकर खरीदारी करने के फैसले भी ले रहे हैं।

## मौद्रिक नीति के पहले निवेशकों ने अपनाया सतर्क रुख, सेंसेक्स लगभग स्थिर बंद

**मुंबई :** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 14 अंक और निफ्टी में 11 अंक की मामूली बढ़त रही। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति के नीतिगत दर पर आने वाले फैसले से पहले भी बाजार में सतर्कता का माहौल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 13.84 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 74,360.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 74,544.24 के ऊपरी और 73,807.30 अंक के निचले स्तर तक गया। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 10.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत चढ़कर 23,416.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाइटन, आईटीसी, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं।

## पाकिस्तान की तेल एवं गैस कंपनी ने सिंध प्रांत में तेल भंडार की खोज की

**कराची :** पाकिस्तान की सरकारी तेल एवं गैस कंपनी ने देश के सिंध प्रांत के संघर जिले में तेल और गैस भंडार की बड़ी खोज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (ओजीडीसीएल) ने बताया कि इस खोज से देश की ऊर्जा मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को घरेलू संसाधनों के जरिए कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही कंपनी और देश के हाइड्रोकार्बन भंडार आधार में भी वृद्धि होगी। कंपनी ने पाकिस्तान शेयर बाजार और लंदन शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले महीने संघर जिले के बोबी और धमराकी क्षेत्रों में यह खोज की गई। तीन जून को भेजे गए पत्र के अनुसार, बोबी और धमराकी खनन पट्टे में 100 प्रतिशत कार्य हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी ओजीडीसीएल ने अपने अन्वेषण कुएं 'बोदी डीप-1' से तेल और गैस की खोज की है।

# घरेलू एयरलाइंस को नई योजना में 115 रुपये प्रति लीटर की तय कीमत पर मिलेगा एटीएफ

**नयी दिल्ली :** सरकार की नई मूल्य स्थिरीकरण योजना के तहत घरेलू एयरलाइंस को अधिकतम तीन वर्षों तक 86.32 रुपये प्रति लीटर के तय आधार मूल्य पर विमानन ईंधन (एटीएफ) उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वैश्विक ईंधन कीमतों में उछाल का असर कम करने में मदद मिलेगी। हालांकि हवाई अड्डा शुल्क, मार्जिन एवं लागू कर जोड़ने के बाद दिल्ली में एटीएफ की प्रभावी बिक्री कीमत करीब 115 रुपये प्रति लीटर बैठती है। सरकारी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस स्वैच्छिक योजना का हिस्सा बनने वाली एयरलाइंस को एटीएफ की प्रभावी कीमत दिल्ली में करीब 115 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में 114.5 रुपये और चेन्नई में लगभग 139 रुपये प्रति लीटर पड़ेगी। इसमें



फ्री-ऑन-बोर्ड (एफओबी) आधार मूल्य के साथ हवाई अड्डा शुल्क, तेल कंपनियों का मार्जिन एवं लागू कर शामिल हैं। एटीएफ की यह दर दिल्ली में करीब 105 रुपये प्रति लीटर के मौजूदा स्तर से अधिक है, जिसे पश्चिम एशिया संकट के बाद बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच दो महीने से नियंत्रित रखा गया था। योजना में शामिल एयरलाइंस एटीएफ की तय कीमत चुकाएंगी, जबकि इसमें शामिल नहीं होने वाली एयरलाइंस से मौजूदा अंतरराष्ट्रीय दर पर शुल्क लिया जाएगा, जो फिलहाल करीब 142 रुपये प्रति लीटर है। यह योजना केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एयरलाइंस के लिए स्वीकृत 10,000 करोड़ रुपये के ईंधन मूल्य स्थिरीकरण कार्यक्रम का हिस्सा है। इसके तहत तेल विपणन कंपनियों को ब्याज-मुक्त कर्ज दिया जाएगा ताकि वे एयरलाइंस को तय कीमत पर एटीएफ की आपूर्ति कर सकें। नागर विमानन मंत्रालय के निदेशक रोहित राज ने बताया कि घरेलू परिचालन के लिए एफओबी स्तर पर 86.32 रुपये प्रति लीटर और अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए 104.49 रुपये प्रति लीटर का आधार मूल्य तय किया गया है।

# देश में डिजिटल वीडियो खपत का शहरी-ग्रामीण अंतर लगभग खत्म, शॉर्ट वीडियो बने पसंदः रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत में ऑनलाइन वीडियो देखने के मामले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बीच का अंतर लगभग खत्म हो गया है जबकि छोटे वीडियो परोसने वाले मंच अब सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं रहकर उपभोक्ता खरीद निर्णयों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारक बन गए हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सऐप का संचालन करने वाली कंपनी मेटा द्वारा कराए गए एक अध्ययन के अनुसार, इसके मंचों पर दैनिक वीडियो व्यस्तता शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग समान स्तर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में 98 प्रतिशत और ग्रामीण भारत में 94 प्रतिशत उपयोगकर्ता प्रतिदिन वीडियो कंटेंट से जुड़ रहे हैं, जो दोनों क्षेत्रों के बीच लगभग समान डिजिटल उपभोग को दर्शाता है।



कुल मिलाकर देश में 97 प्रतिशत उपयोगकर्ता प्रतिदिन वीडियो देखते हैं। अध्ययन में कहा गया है कि शॉर्ट-फॉर्म वीडियो प्लेटफॉर्म अब उपभोक्ताओं के खरीद व्यवहार को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिससे डिजिटल कंटेंट का दायरा केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है। यह अध्ययन 23 शहरों में 4,000 से अधिक लोगों पर किया गया, जिसमें महानगरों के साथ-साथ मझोले और छोटे शहर और ग्रामीण क्षेत्र भी शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि शॉर्ट वीडियो को केवल मनोरंजन का माध्यम मानने की धारणा अब बदल रही है और लोग पर वीडियो देखकर खरीदारी करने के फैसले भी ले रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मेटा का शॉर्ट वीडियो फीचर 'रील्स' 81 प्रतिशत उत्पाद खोज, 66 प्रतिशत ब्रांड विचार और

## स्पोर्ट्स

### बंगाल टी20 लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से

**कोलकाता :** बंगाल टी20 लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से शुरू होगा जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्ग में आठ-आठ टीम हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 21 जून तक चलेगा। एडामास हावड़ा वारियर्स और कोलकाता रॉयल टाइगर्स क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में मौजूदा चैंपियन के तौर पर तीसरे सत्र में उतरेंगे। हावड़ा वारियर्स पुरुष वर्ग में शुक्रवार को सत्र के पहले मैच में नोवस रॉयल्स पुरुलिया से भिड़ेंगे जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता के पहले मैच में कोलकाता रॉयल टाइगर्स का सामना नोवस रॉयल्स पुरुलिया से होगा।

### एक और विश्व खिताब के साथ मेस्सी युग को विदा कहना चाहेगा अर्जेंटीना



**ब्यूनस आयर्स :** अमेरिका में पिछली बार 1994 में जब फुटबॉल विश्व कप हुआ था तब ग्रुप चरण के दूसरे मैच के बाद डिएगो माराडोना को डोप टेस्ट में पॉजीटिव पाये जाने के बाद टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। अर्जेंटीना फुटबॉल टीम की अमेरिका की यादें सुखद नहीं हैं चूंकि उसके बाद माराडोना फिर विश्व कप नहीं खेल सके और उनकी टीम अंतिम 16 से बाहर हो गई। बाईस बरस बाद अब अर्जेंटीना को उम्मीद है कि माराडोना के वारिस माने जाने वाले लियोनेल मेस्सी विश्व कप में अमेरिकी सरजमीं पर उन कड़वीं यादों को जीत के जश्न में बदलेंगे। इस महीने 39 वर्ष के होने जा रहे मेस्सी का यह आखिरी विश्व कप होगा और माना जा रहा है कि अमेरिका, मैक्सिको , कनाडा में होने वाले इस टूर्नामेंट के बाद वह फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। अगर मेस्सी और अर्जेंटीना विश्व कप खिताब को बरकरार रख पाते हैं तो 1962 में ब्राजील के बाद यह कारनामा करने वाली पहली टीम होंगे। मेस्सी ने अर्जेंटीना के एक पत्रकार को यूट्यूब इंटरव्यू में कहा था ,'' मुझे फुटबॉल खेलना पसंद है और जब तक खेल सकता हूं, खेलता रहूंगा।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे जीतना पसंद है। मैं कई बार अपने बच्चों को वीडियो गेम में भी जीतने नहीं देता। यह मेरा स्वभाव है और इसी के बल पर मैने इतना कुछ पाया है।' बार्सीलोना, पेरिस सेंट जर्मेन और इंटर मियामी के लिये करीब दो दशक तक खेल चुके मेस्सी का शरीर अब थकने लगा है। रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप खेलने से पहले वह जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से जूझ रहे थे। इसकी वजह से इंटर मियामी के आखिरी मैच के दौरान उन्हें मैदान से जाना पड़ा।

# प्रारूप बदलना आसान नहीं, इसलिए नेट पर जमकर अभ्यास किया: कुलदीप यादव

**मुल्लांपुर :** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि कम समय में टी20 क्रिकेट से टेस्ट प्रारूप में खेलना आसान नहीं होता है क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को समाप्त हुए अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता है और भारतीय टीम को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी करनी पड़ रही है। आईपीएल में कुलदीप की फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही और उनका खुद का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। उन्होंने 12 मैचों में सिर्फ 10 विकेट लिए। अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले कुलदीप ने पीटीआई से



विशेष साक्षात्कार में कहा कि पिछले दो सप्ताह से वह क्रिकेट के सबसे बड़े प्रारूप में ढलने के लिए नेट पर अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''आईपीएल में खेलने के तुरंत बाद लाल गेंद की क्रिकेट खेलना आसान नहीं होता है। इसके लिए अच्छी तैयारी बेहद जरूरी होती है। सौभाग्य से मुझे समय मिल गया। मैंने कम से कम 10 से 15 दिन लाल गेंद से अभ्यास किया।'' 'जियोहॉटस्टार' के सहयोग से किए गए इस साक्षात्कार में कुलदीप ने कहा, ''टी20 में आप हमेशा आक्रामक रहते हैं। आप हमेशा बल्लेबाज के खिलाफ हमलावर तेवर अपनाते हैं और इसी सोच के साथ खेल में बने रहते हैं। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में ऐसा नहीं होता। बल्लेबाज के पास काफी समय होता है।'' उन्होंने कहा, ''कुछ खिलाड़ी आईपीएल फाइनल के तुरंत बाद यहां आए हैं। उनके पास तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं है। मुझे उम्मीद है कि उन्होंने अच्छी तैयारी की होगी लेकिन निश्चित तौर पर यह बड़ी चुनौती है।''

### पंत को अपने 50वें टेस्ट पहले गंभीर से मिली सलाह

**मुल्लांपुर :** ऋषभ पंत के लॉफ्टेड शॉट में अब भी वही रोमांच है लेकिन 50वें टेस्ट से दो दिन पूर्व इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अलग रवैया अपनाते हुए देखा गया। अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले भारत के ट्रेनिंग सत्र के दौरान यह विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी बॉडी लैंग्वेज और इरादों दोनों में ही अधिक संयमित नजर आया। ऐसा लग रहा था कि वह मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह पर अमल कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट जगत में यह किसी से छिपा नहीं है कि गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के पिछले टेस्ट मैच के दौरान पंत के गैरजिम्मेदाराना शॉट चयन से गंभीर काफी नाराज थे।

## विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से हारकर सिंधू इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को लगातार दूसरे सप्ताह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सिंधू पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी से हार गई थीं। सिंधू ने इंडोनेशिया ओपन के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिर में 17-21, 14-21 से हार गईं। इस हार से सिंधू की ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ हार का सिलसिला 10 मैच तक बढ़ गया। भारतीय खिलाड़ी अभी तक आन के खिलाफ एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई है। पहले गेम के शुरू में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। एक समय स्कोर 10-10 पर बराबर था। इस दौरान सिंधू ने अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई और कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में कामयाब रहीं। सिंधू अपने आक्रामक स्ट्रोकप्ले के दम पर 15-14 से आगे निकल गईं, लेकिन आन ने अपने खास अंदाज में जवाब देते हुए लगातार अंक हासिल किए और 19-16 की बढ़त बना ली। इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार दो अंक जीते और पहला गेम अपने नाम कर लिया। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच 41 शॉट की रैली भी देखने को मिली। आन ने दूसरे गेम में आक्रामक शुरुआत की और 13-6 की बढ़त हासिल कर ली।

## दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बनीं जैस्मिन, प्रिया और विश्वनाथ विश्व रैंकिंग में शीर्ष तीन में

**नयी दिल्ली :** गत विश्व चैंपियन जैस्मिन लंबोरिया नवीनतम विश्व मुक्केबाजी रैंकिंग में महिला 57 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर हैं जबकि एशियाई चैंपियशिप के स्वर्ण पदक विजेता प्रिया घंघास (60 किग्रा) और विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में शीर्ष तीन में शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने महिलाओं के 10 में से नौ वजन वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाई है जबकि पुरुषों के 10 में से आठ वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है। महिला वर्ग में मीनाक्षी 48 किग्रा वर्ग में दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बनीं हुईं हैं जबकि प्रीति पवार 54 किग्रा वर्ग में पांच स्थान के फायदे से तीसरे पायदान पर हैं। इस साल एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने



वाली जैस्मिन एक स्थान के फायदे से दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बन गईं। विश्व कप की पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और नुपुर (80 किग्रा से अधिक) अपने-अपने वजन वर्ग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

## मुझे विश्वास है कि भविष्य में योगासन ओलंपिक में जगह बनायेगा : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** अहमदाबाद में पहली विश्व योगासन खेल चैम्पियनशिप को योग के नये चरण का शुभारंभ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भविष्य में योगासन ओलंपिक समेत अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में अपनी जगह बनायेगा। अहमदाबाद में पहली विश्व योगासन खेल चैम्पियनशिप की शुरूआत की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल भाषण में कहा ,''अहमदाबाद की धरती से विश्व की खेल विरासत में एक और नया अध्याय जुड़ा है। पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने आये सभी देशों के खिलाड़ियों का भारत में स्वागत करता हूं।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे विश्वास है कि भविष्य में योगासन भी अंतरराष्ट्रीय खेलों में अपनी जगह बनायेगा। ओलंपिक हो या बहुखेल आयोजन हो।निश्चित तौर



पर अहमदाबाद में होने वाली पहली योगासन विश्व चैम्पियनशिप की इसमें बड़ी भूमिका होगी।'' अहमदाबाद में हो रही इस चैम्पियनशिप में 60 से अधिक देशों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मेजबान भारत ने 122 सदस्यीय दल उतारा है जिसमें खिलाड़ी छह वर्ग में मुकाबला करेंगे। ये खिलाड़ी पांच दिन में व्यक्तिगत और कलात्मक स्पर्धा में अपना कौशल दिखायेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने योगासन खेल के विस्तार को नयी संभावनाओं का सृजनकर्ता बताते हुए कहा ,'' हर बड़ा आयोजन अपने साथ रोजगार के नये अवसर पैदा करता है। जैसे जैसे योगासन खेल का विस्तार होगा, इससे जुड़ी नयी संभावनायें बनेंगी। यह खिलाड़ियों , ट्रेनर, खेल वैज्ञानिक, शोधकर्ताओं और इवेंट मैनेजर्स के लिये भी नये अवसर बनायेगा।'' योगासन वर्तमान में आधिकारिक ओलंपिक खेलों का हिस्सा नहीं है। हालांकि इसे वैश्विक खेल के रूप में मान्यता दिलाने के प्रयास तेजी से चल रहे हैं। भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थायें इसे 2036 ओलंपिक में शामिल कराने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं जिसकी मेजबानी का भारत इच्छुक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस से पहले यह चैम्पियनशिप खेल और फिटनेस की 'डबल डोज' लेकर आई है।

### कोहली चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर, गायकवाड़ संभावित विकल्प

**नयी दिल्ली :** भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली हाल में समाप्त हुए आईपीएल के दौरान मांसपेशियों (हैमस्ट्रिंग) में खिंचाव के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ 13 जून से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला से बृहस्पतिवार को बाहर हो गए। कोहली की जगह रूतुराज गायकवाड़ को भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है जो श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत ए के लिये खेलने वाले थे। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 13 जून को धर्मशाला में खेला जाएगा। कोहली को रविवार को अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल फाइनल के दौरान चोट लगी थी। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यह मैच जीत कर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीता था।

वर्ष 11, पूर्णांक 3613 अंक 079 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in